सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 25.5 अधि |
| धर्मशाला | 17.7 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,360 |
| निफ्टी | 23,417 |
| सोना | 1,56,000 |
| चांदी | 2,59,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान








आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 5 जून 2026 | 22 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 157, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702





# हिमाचल के सम्मान से कोई समझौता नहीं : सीएम सुक्खू


## पंजाब में हिमाचल के वाहनों से वसूले गए 'खालसा टैक्स' पर मुख्यमंत्री ने जताई आपत्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमा पर 'खालसा टैक्स' वसूली के मामले ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर नई बहस छेड़ दी है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से सीधे बातचीत की और मामले में उचित कार्रवाई की मांग उठाई।

मुख्यमंत्री ने साफ संदेश दिया कि हिमाचल के नागरिकों, पर्यटकों और वाहन चालकों के सम्मान तथा अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदेश सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर गंभीर नजर बनाए हुए है और हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद यह मामला केवल वाहनों से वसूली तक सीमित नहीं रहा, अपितु राज्यों के बीच सौहार्द, पर्यटन और नागरिक अधिकारों से जुड़ा विषय बन गया है। प्रदेश सरकार का मानना है कि हिमाचल देशभर के पर्यटकों का खुले दिल से स्वागत करता है और ऐसे में किसी भी राज्य के



नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार देश की संघीय भावना के विपरीत है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने जिस तत्परता से इस मुद्दे को उठाया है, उससे प्रदेश के लोगों में यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि उनकी सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान इस तरह की घटनाएं प्रदेश की छवि और आपसी भाईचारे को प्रभावित करने का प्रयास हैं।

### ◆मुख्यमंत्री मान से उचित कार्रवाई की मांग, प्रदेश के हितों को बताया सर्वोपरि

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक ताकतें अनावश्यक विवाद खड़ा कर माहौल खराब करने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, प्रदेश सरकार ने संयम और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए संवाद और कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से समाधान का रास्ता चुना है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री की पहल को प्रदेश के विभिन्न वर्गों से समर्थन मिल रहा है।

### पूर्व कांग्रेस विधायक नीरज भारती की टिप्पणी बनी चर्चा

**मामले** को लेकर पूर्व कांग्रेस विधायक नीरज भारती की सोशल मीडिया टिप्पणी भी चर्चा में रही, जिसमें उन्होंने हिमाचल के वाहनों के साथ कथित भेदभाव पर सवाल उठाए। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर कई लोगों ने यह राय व्यक्त की है कि किसी भी राज्य के नागरिकों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। मुख्यमंत्री सुक्खू की सक्रियता और त्वरित हस्तक्षेप ने इस पूरे मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता दिलाई है।


# एंटी हेल गन पर हाईकोर्ट की सख्ती

## सरकार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व संबंधित विभागों से मांगा विस्तृत जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सेब बहुल क्षेत्रों में वर्षों से उपयोग में लाई जा रही ओलावृष्टि रोधी तकनीक अब न्यायिक जांच के केंद्र में आ गई है। प्रदेश उच्च न्यायालय ने इस तकनीक के पर्यावरण और मौसम प्रणाली पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार तथा संबंधित विभागों से विस्तृत जवाब तलब किया है। न्यायालय के इस हस्तक्षेप ने बागवानी क्षेत्र के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी एक नई बहस छेड़ दी है।

मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने रोहड़ू क्षेत्र के एक निवासी द्वारा उठाई गई चिंताओं पर स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज की है। याचिका में दावा किया गया है कि सेब बागानों को ओलावृष्टि से बचाने के लिए उपयोग किए जाने वाले ओलावृष्टि रोधी उपकरण वायुमंडल में तीव्र दबाव तरंगें उत्पन्न करते हैं, जिनसे बादलों के प्राकृतिक प्रवाह और वर्षा के स्वरूप पर असर पड़ सकता है।



### ध्वनि प्रदूषण को लेकर याचिका में उठी आपत्ति

**मामले** की सुनवाई के दौरान ध्वनि प्रदूषण और पर्यावरणीय प्रभावों का मुद्दा भी प्रमुखता से उभरा। याचिका में कहा गया है कि इन उपकरणों के संचालन के दौरान होने वाले तीव्र विस्फोटनुमा शोर से स्थानीय लोगों को परेशानी होती है, जबकि मौसम तंत्र में संभावित हस्तक्षेप को लेकर भी चिंताएं लगातार सामने आ रही हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन उपकरणों के कारण बादलों का रुख बदलने से आसपास के क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा, ओलावृष्टि तथा अन्य मौसम संबंधी असामान्य परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

न्यायालय ने मामले को केवल मौसमीय प्रभावों तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि यह भी जानना चाहा है कि क्या इन उपकरणों के संचालन को लेकर कोई वैज्ञानिक अध्ययन, पर्यावरणीय मूल्यांकन अथवा नियामक व्यवस्था मौजूद है। अदालत ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित विभागों से पूछा है कि प्रदेश में इन उपकरणों की स्थापना और संचालन के लिए कौन-से दिशा-निर्देश लागू हैं तथा इनके संभावित दुष्प्रभावों की निगरानी किस प्रकार की जाती है। न्यायालय ने संकेत दिए हैं कि आधुनिक तकनीक के उपयोग के साथ उसकी जवाबदेही और वैज्ञानिक सत्यापन भी उतना ही आवश्यक है।

बता दें कि दूसरी ओर, बागवान इन उपकरणों को ओलावृष्टि से फसलों को बचाने का प्रभावी माध्यम मानते हैं। ऐसे में उच्च न्यायालय की यह सुनवाई केवल एक तकनीक की जांच तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह प्रदेश में विकास, बागवानी हितों और पर्यावरणीय संतुलन के बीच बेहतर तालमेल की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मामला बन गई है। अदालत ने अगली सुनवाई 20 जुलाई 2026 को निर्धारित की है, जिस पर पूरे बागवानी क्षेत्र और पर्यावरण विशेषज्ञों की निगाहें टिकी हुई हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली होटल अग्निकांड: मालिक चार दिन के पुलिस रिमांड पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं,



बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और न ही घर गया। इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा। बुधवार को लगी इस भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस ने बजाज को हिरासत में लिया था। (अनंत ज्ञान)

### एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन हमले का वीडियो हुआ वायरल

**एजेंसी, तेल अवीव।** कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बुधवार को हुए ईरानी ड्रोन हमले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें एक ड्रोन एयरपोर्ट की छत से टकराता है, जिससे उसके परखच्चे उड़ जाते हैं। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई थी, जबकि 63 लोग घायल हो गए थे। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। हमले से एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर कुछ समय के लिए एयरपोर्ट ट्रैफिक रोक दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

### फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी का निधन

**एजेंसी, मुंबई।** फिल्म निर्माता एवं पूर्व सीबीएफसी अध्यक्ष पहलाज निहलानी का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार थे। बुधवार देर रात लगभग 3 बजे उन्होंने



अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे मुंबई के सांताक्रूज श्मशानघाट में किया गया। ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन के अनुसार, कोविड के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद दवाइयों के कारण उन्हें कॉम्प्लिकेशंस हुए, जिससे उनकी किडनी पर असर पड़ा। वह लंबे समय से इसी से संबंधित इलाज करवा रहे थे। फिल्म इंडस्ट्री में उनके योगदान को याद किया जा रहा है। गहरा शोक व्यक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

# गरामोड़ा टोल प्लाजा पर कर्मचारियों ने संचालन किया ठप

## प्रबंधन पर मारपीट और दुर्व्यवहार के लगाए आरोप, बिना टोल शुल्क के निकले वाहन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थित गरामोड़ा टोल प्लाजा वीरवार को कर्मचारियों और टोल कंपनी प्रबंधन के बीच हुए विवाद के बाद हंगामे का केंद्र बन गया। आरोप है कि कंपनी के कुछ अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की, जिसके बाद कर्मचारियों ने कामकाज बंद कर दिया।



खाली पड़ा गरामोड़ा टोल प्लाजा। अनंत ज्ञान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ड्यूटी के दौरान किसी बात को लेकर शुरू हुई बहस जल्द ही विवाद में बदल गई। इसके बाद कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार और धमकी देने के आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। अन्य कर्मचारी भी समर्थन में उतर आए और पूरे टोल प्लाजा का संचालन ठप कर दिया।

विरोध के चलते सभी लेनों पर टोल वसूली बंद हो गई और कई वाहन बिना शुल्क के निकल गए। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनके साथ कथित दुर्व्यवहार पर कार्रवाई नहीं होती और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक काम पर वापसी नहीं करेंगे। कर्मचारियों का आरोप है कि प्रबंधन का रवैया लंबे समय से कठोर रहा है और उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। फिलहाल कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# फायरिंग मामले में खान सर के गार्ड्स गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।** पटना में खान सर के कोचिंग सेंटर पर 2 जून की रात हुए फायरिंग मामले में नया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो ज्ञान बिंदु कोचिंग की ओर से जारी किया गया है। वीडियो में दावा किया गया है कि विवाद के दौरान फायरिंग खान सर के गार्ड ने की थी। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस खान सर के कोचिंग सेंटर पहुंची और वीडियो में फायरिंग करते दिख रहे दोनों गार्ड्स को कदमकुआं थाने लेकर आई। 3 घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने खान सर के कहने पर ही फायरिंग की थी। पुलिस ने दोनों के हथियार भी सत्यापन के लिए जब्त किए हैं। फायरिंग वाले वीडियो के सत्यापन के बाद कदमकुआं थाने में नई एफआईआर दर्ज की गई है। खान सर से भी कोचिंग सेंटर के अंदर पुलिस ने पूछताछ की है। इधर, ज्ञान बिंदु के डारेक्टर की रिहाई के लिए छात्र सड़क पर उतरे हैं। कोचिंग से कारगिल चौक तक मार्च निकाला जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें 5 हजार से ज्यादा छात्र शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी संसद ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया झटका

# ईरान के खिलाफ युद्ध रोकने वाला प्रस्ताव पास

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को लेकर अमेरिकी संसद ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झटका दिया है। अमेरिकी संसद ने सदन में युद्ध शक्तियों से जुड़ा एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसके तहत अमेरिकी सेना की कार्रवाई को सीमित कर दिया गया है। यह प्रस्ताव राष्ट्रपति ट्रंप के लिए चुनौती माना जा रहा है, क्योंकि ट्रंप के कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने इस मामले में डेमोक्रेट्स का समर्थन किया था।



बता दें, निचले सदन ने ईरान से युद्ध मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य प्राधिकरण पर रोक लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी और उन्होंने मैनेजमेंट को कड़ी फटकार भी लगाई। अमेरिकी संसद में यह प्रस्ताव 215-208 के मामूली वोट से पारित हुआ। यह फैसला उस समय हुआ जब रिपब्लिकन रिप्रेजेंटेटिव थॉमस मैसी, ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक, टॉम बैरेट और वॉरेन डेविडसन ने पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर डेमोक्रेट्स के इस कदम का समर्थन किया।

यह बदलाव डेमोक्रेट्स की बार-बार कोशिशों के बाद आया है, जिसमें कांग्रेस के दोनों सदनों में ट्रंप की युद्ध शक्तियों को सीमित किया गया है। इस आंदोलन को रिपब्लिकन का समर्थन भी तेजी से मिल रहा है। युद्ध शक्तियों का संकल्प, प्रशासन की नीतियों को लेकर विधायिका के भीतर टकराव दिखाता है। सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने इस प्रस्ताव को रोकने की तमाम कोशिशें भी की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। विरोध के बीच यह प्रस्ताव पास हो गया। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप के पास वीटो पॉवर है, जिसके द्वारा वे इस विधेयक को रोक भी सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए जारी की उम्मीदवारों की सूची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। गुजरात से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा और मानसिंह परमार पार्टी के कैंडिडेट होंगे। मध्य प्रदेश से तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल मैदान में होंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने वीरवार को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए विभित्र उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिखा। पार्टी ने अरुणाचल प्रदेश से ताई तगाक को उम्मीदवार बनाया है जबकि गुजरात से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा और मानसिंह परमार पार्टी के कैंडिडेट होंगे। मध्य प्रदेश से तरुण तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल मैदान में होंगे। वहीं, मणिपुर से ए शारदा एक्ट्रेसदेवी राजस्थान से नसे अलका गुर्जर और सतीमा पूनिया को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा बीजेपी ने 2026 के उपचुनाव के लिए ओडिसा से देवाशीष सामंतराय को टिकट दिया

### ◆गुजरात, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों से नाम तय, 18 जून को होगा मतदान

चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 27 सीटों और तीन राज्यों की विधान परिषदों के चुनावों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। सोमवार को जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, ये चुनाव 18 जून को होंगे। आयोग के अनुसार, सभी चुनावों के लिए मतदान 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। वोटों की गिनती उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू होगी। राज्यसभा की 24 सीटों के लिए 10 राज्यों में चुनाव होंगे। इसके अलावा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा में राज्यसभा सीटों के लिए उपचुनाव होंगे। वहीं, बिहार में राज्य विधान परिषदों की 9 सीटों के लिए भी चुनाव होंगे और एक सीट के लिए उपचुनाव होगा। (अनंत ज्ञान)

# मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं : ललित मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने खुद को भगोड़ा बताए जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह शब्द मीडिया की देन है और उनके खिलाफ आज तक कोई मामला साबित नहीं हुआ है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि मैं बिल्कुल नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता तो मुझे कहीं न कहीं पकड़ लिया जाता। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है और उससे टकराने का मेरा कोई इरादा नहीं है। आईपीएल को लेकर उन्होंने कहा कि वह हमेशा इस लीग के प्रति भावनात्मक रूप से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल मेरे बच्चे की तरह है। मैं उससे जुड़ा हूं या नहीं, इससे फर्क नहीं पड़ता। मोदी ने यह भी कहा कि उनके पिता सफल कारोबारी थे, लेकिन आज उनके परिवार की पहचान उनके नाम से होती है। उनके अनुसार, आईपीएल की सफलता और उसके विस्तार में उनकी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### कहा-सरकार के हाथ बहुत लंबे, नहीं ले सकते पंगा

# मुजफ्फरपुर के अस्पताल में लगी भीषण आग, 5 मरीजों की मौत

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर**

ब्रह्मपुरा इलाके में स्थित 'प्रसाद हॉस्पिटल' में वीरवार सुबह भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। आग अस्पताल की पांचवीं मंजिल पर स्थित आईसीयू वार्ड में लगी, जो देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में फैल गई।




घटना के बाद पूरे भवन में घना धुआं भर गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों के बीच अफरा-तफरी मच गई। अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक मरीज गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सभी घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। आईसीयू में फंसे मरीजों को निकालने के लिए रेस्क्यू टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों के अनुसार, जहरीले धुएं के कारण कई मरीजों की हालत बिगड़ गई। कुछ मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### ◆धुआं फैलने से मरीजों में मची भगदड़, 20 से ज्यादा झुलसे

# केरलम पहुंचा मानसून, अगले 7 दिन दक्षिण भारत में भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी, भोपाल**

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। इसके प्रभाव से केरलम, तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में अगले सात दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो से तीन दिनों में मानसून गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों में आगे बढ़ सकता है।



इस वर्ष मानसून सामान्य तिथि से तीन दिन देरी से केरल पहुंचा है। आमतौर पर मानसून एक जून को केरलम में प्रवेश करता है और लगभग डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। इसकी वापसी सामान्यत: 17 सितंबर के आसपास राजस्थान से शुरू होकर 15 अक्तूबर तक पूरी होती है। हाल के वर्षों में मानसून के आगमन में देरी का सिलसिला जारी है। पिछले 13 वर्षों में यह सातवीं बार है जब मानसून निर्धारित समय से देर से केरल पहुंचा है।

मौसम विभाग के ऐतिहासिक आंकड़ों के अनुसार, बीते 150 वर्षों में मानसून के केरल पहुंचने की तिथियों में काफी बदलाव देखा गया है। वर्ष 1918 में मानसून सबसे जल्दी 11 मई को पहुंचा था, जबकि 1972 में सबसे अधिक देरी से 18 जून को केरलम में प्रवेश किया था। (अनंत ज्ञान)

## कयास | नए कानून ने बढ़ाई सियासी बेचैनी, राजस्व रिकॉर्ड बनेगा असली कसौटी

# अतिक्रमण की आंधी में फंसेंगी पंचायतों की कुर्सियां?

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पंचायत राजनीति में एक बार फिर सरकारी व पंचायत भूमि पर कब्जे से जुड़े नियमों को लेकर बहस तेज हो गई है। यह मुद्दा अब गांव की चौपालों से लेकर प्रशासनिक दफ्तरों तक चर्चा का विषय बन गया है।

पंचायतीराज अधिनियम की धारा 122 में संशोधन के बाद स्पष्ट किया गया है कि सरकारी या पंचायत भूमि पर अवैध कब्जा रखने वाला व्यक्ति पंचायत चुनाव नहीं लड़ सकेगा। यदि चुनाव जीतने के बाद ऐसा मामला साबित होता है तो उसकी सदस्यता समाप्त की जा सकती है। इसके दायरे में परिवार के सदस्यों को भी शामिल किए जाने की व्यवस्था ने कई पंचायतों में चिंता बढ़ा दी है।

### अतिक्रमण पर उठे सवाल

**आने** वाले दिनों में सबसे अहम प्रश्न यही रहेगा कि अतिक्रमण की पुष्टि का आधार क्या होगा, जांच कौन करेगा और यदि कोई जनप्रतिनिधि दोषी पाया जाता है तो उसकी कुर्सी बच पाएगी या नहीं। फिलहाल इतना तो तय है कि धारा 122 में हुआ संशोधन पंचायत राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत कर चुका है और इसकी गूंज अभी लंबे समय तक सुनाई देती रह सकती है।

### ◆प्रशासनिक दफ्तरों तक पहुंची चर्चा, कई जनप्रतिनिधियों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

इस फैसले के बाद पहले से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की पात्रता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सोशल मीडिया और स्थानीय चर्चाओं में यह मुद्दा गर्म है कि चुनाव के समय जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की वैधता किस आधार पर तय होगी। विवाद का एक अहम पहलू यह भी है कि कई जगह एनओसी पंचायत सचिव स्तर पर जारी की गई, जबकि भूमि स्वामित्व और कब्जे का वास्तविक रिकॉर्ड राजस्व विभाग के पास होता है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि भविष्य में किसी मामले के सामने आने पर जिम्मेदारी किसकी तय होगी।

जानकारों का मानना है कि सरकारी भूमि संबंधी रिकॉर्ड और सत्यापन का अंतिम अधिकार राजस्व विभाग के पास होता है। यदि किसी जनप्रतिनिधि के खिलाफ अतिक्रमण साबित होता है तो इसमें तहसील, उपमंडल और जिला प्रशासन की भूमिका भी अहम हो सकती है। इसी के चलते कई क्षेत्रों में पुराने भूमि रिकॉर्ड की जांच की चर्चा तेज हो गई है।

### सोशल मीडिया में दावों प्रतिदावों का दौर जारी

**मामले** की संवेदनशीलता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि सोशल मीडिया पर ऐसे कई दावे सामने आ रहे हैं जिनमें वर्तमान जनप्रतिनिधियों को भी कथित रूप से अतिक्रमण के दायरे में बताया जा रहा है। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन यदि प्रशासन ने शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की तो कई पंचायतों में राजनीतिक हलचल तेज हो सकती है। यह स्थिति प्रधान, उप-प्रधान और वार्ड सदस्यों समेत अनेक निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए चुनौती बन सकती है।

# लघु-सीमांत किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

## अवैध भूमि कब्जों के नियमितीकरण की नीति तैयार, हजारों किसानों को मिलेगा सीधा फायदा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के हजारों लघु एवं सीमांत किसानों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित राहत का रास्ता अब खुलता दिखाई दे रहा है। वर्षों से भूमि कब्जों के नियमितीकरण की मांग कर रहे किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक नई भूमि नीति तैयार कर ली है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई यह नीति उन किसानों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी है, जिनका जीवन और आजीविका भूमि से जुड़ी हुई है तथा जो लंबे समय से कानूनी समाधान की प्रतीक्षा कर रहे थे। राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक में इस महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उप-समिति ने भूमि कब्जों के नियमितीकरण से जुड़े विभिन्न कानूनी, प्रशासनिक और सामाजिक पहलुओं की समीक्षा करते हुए तैयार की गई नीति पर विस्तार से चर्चा की।


मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।

नीति का उद्देश्य लघु एवं सीमांत किसानों के हितों की रक्षा करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक व्यावहारिक और संतुलित समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार का मानना है कि इससे ऐसे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी, जो वर्षों से भूमि संबंधी अनिश्चितता और कानूनी जटिलताओं का सामना कर रहे हैं।

**कैबिनेट की मंजूरी के बाद केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव।**

बैठक में निर्णय लिया गया कि तैयार की गई भूमि नीति को अब राज्य मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलने के बाद प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए भारत सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में प्रधान सचिव विधि राजीव बाली, अतिरिक्त सचिव राजस्व अनिल चौहान तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए।

### मंत्रिमंडल के 99 % निर्णय धरातल पर उतरेः नेगी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्णयों को धरातल पर उतारने की दिशा में प्रशासनिक मशीनरी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। गुरुवार को शिमला में राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक में खुलासा हुआ कि जनवरी 2023 से जून 2025 तक मंत्रिमंडल की विभिन्न बैठकों में लिए गए 1160 निर्णयों में से 99 प्रतिशत का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया जा चुका है। यह आंकड़ा सरकार की निर्णयों को समयबद्ध तरीके से लागू करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैठक में आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण तथा नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी भी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान उन निर्णयों पर विशेष चर्चा की गई जो अभी लंबित हैं। इनमें वित्त, स्वास्थ्य, उद्योग, जलशक्ति, बहुउद्देशीय परियोजनाओं तथा ऊर्जा विभागों से जुड़े कुछ मामले शामिल हैं। अधिकारियों ने इन मामलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक निर्णय को जनता तक पहुंचाने और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों की सराहना करते हुए लंबित मामलों को भी तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और निर्णयों के क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

# टीकाकरण के बाद मासूम की मौत पर उठे सवाल, स्वास्थ्य विभाग ने बैठाई जांच

## 45 दिन की बच्ची की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के रिपन अस्पताल में नियमित टीकाकरण के बाद 45 दिन की एक मासूम बच्ची की मौत का मामला सामने आने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जबकि परिजनों ने बच्ची की मौत को लेकर गंभीर आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। बताया जा रहा है कि शिमला के साथ लगते धामी क्षेत्र की बठमण जाबरी पंचायत निवासी बच्ची को उसके माता-पिता नियमित टीकाकरण के लिए रिपन अस्पताल लेकर गए थे। परिजनों के अनुसार टीका लगाने के बाद बच्ची को कुछ समय तक अस्पताल में निगरानी में रखा गया और बाद में घर भेज दिया गया। रिश्तेदारों का कहना है कि बच्ची पूरी तरह स्वस्थ थी, लेकिन दोपहर बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। स्थिति गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल आईजीएमसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि कुछ ही घंटों में बच्ची के शरीर का रंग भी बदलने लगा, जिससे उनकी चिंताएं और बढ़ गईं।

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और पूरे मामले की जांच के आदेश दिए गए। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिस दिन टीकाकरण हुआ, उस दिन कुल 25 बच्चों को वैक्सीन लगाई गई थी। बच्ची की मृत्यु की सूचना मिलने के बाद अन्य 24 बच्चों की स्थिति की समीक्षा की गई, जिनमें सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। विभाग का कहना है कि प्रारंभिक स्तर पर मौत का सीधा संबंध वैक्सीन से स्थापित नहीं हुआ है, लेकिन सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की आशंका न रहे।

### पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने का इंतजार

**मृत** बच्ची का पोस्टमार्टम करवाया गया है और उसकी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। गुरुवार सुबह बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया गया, जबकि परिवार गहरे सदमे में है। क्षेत्र में भी इस घटना को लेकर शोक और चिंता का माहौल है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट और चिकित्सकीय तथ्यों के आधार पर ही अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा। वहीं परिजनों को उम्मीद है कि जांच से मौत के वास्तविक कारण सामने आएंगे और यदि किसी स्तर पर लापरवाही हुई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अंब में प्रतिबंधित लकड़ी से लदे दो वाहन पकड़े

अनंत ज्ञान



**अंब।** वन परिक्षेत्र अंब की गश्ती टीम ने अवैध रूप से प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को कब्जे में लिया है। मामले में संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार अंब रेंज की गश्ती टीम नियमित गश्त एवं निगरानी पर थी। टीम में ब्लॉक अधिकारी ज्वार विजय कुमार, उप वन रक्षक मुनीश कुमार, वन रक्षक एवं प्रभारी ज्वार बीट विजय कुमार तथा वन रक्षक एवं प्रभारी नेहरी बीट वीरेंद्र कुमार शामिल थे।

गश्त के दौरान शाम करीब 5:15 बजे अंब चौक के समीप वाहन संख्या एचपी 55डी 6399 और एचपी 24डी0942 को संदेह के आधार पर जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर दोनों वाहनों में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी का परिवहन किया जाना पाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालकों से लकड़ी के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन वे कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। इसके बाद गश्ती दल ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय अंब पहुंचाया। वन विभाग ने संबंधित चालकों के विरुद्ध प्रचलित वन एवं वन्यजीव कानूनों के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना अंब में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

# हरित पंचायतों से बदलेगी अनाथ-विधवाओं की जिंदगी

## सौर ऊर्जा परियोजनाओं की आय का 25 प्रतिशत सामाजिक कल्याण पर होगा खर्च

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को नई मजबूती देने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब हरित पंचायतों में स्थापित की जा रही सौर ऊर्जा परियोजनाओं से होने वाली आय का 25 प्रतिशत हिस्सा अनाथ बच्चों और विधवाओं के कल्याण पर खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने हरित पंचायत पहल के राजस्व वितरण मॉडल में संशोधन करते हुए इसे सामाजिक न्याय से जोड़ दिया है। इस कदम से एक ओर जहां स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं समाज के सबसे कमजोर वर्गों को आर्थिक संबल भी प्राप्त होगा।


फाइल फोटो

- 100 पंचायतों में स्थापित होंगी सौर ऊर्जा परियोजनाएं
- मुख्यमंत्री सुख आश्रय से भी बच्चों को मिल रहा सहारा

जानकारी के अनुसार राज्य की 100 ग्राम पंचायतों में 500 किलोवाट क्षमता की भूमि आधारित सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। संशोधित व्यवस्था के अनुसार परियोजनाओं से प्राप्त आय का 20 प्रतिशत राज्य सरकार को, 20 प्रतिशत संचालन एवं रख-रखाव के लिए हिमऊर्जा को, 10 प्रतिशत हिमऊर्जा को तथा 25 प्रतिशत संबंधित पंचायत के विकास कार्यों के लिए दिया जाएगा। शेष 25 प्रतिशत राशि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को हस्तांतरित की जाएगी, जिससे संबंधित पंचायतों के अनाथ बच्चों और विधवाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मॉडल को पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा के समन्वित प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

प्रदेश सरकार पहले से ही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के माध्यम से अनाथ बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगा रही है। योजना के तहत प्रत्येक अनाथ बच्चे को प्रतिमाह चार हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है और प्रदेश के लगभग छह हजार बच्चे इसका लाभ उठा रहे हैं।

### विधावाओं को मकान निर्माण के लिए मिलेंगे तीन लाख रुपए

**विधवाओं** को मकान निर्माण के लिए तीन लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता तथा उनके बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए भी सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि हरित पंचायतों की आय को सामाजिक कल्याण से जोड़ने की यह पहल प्रदेश में समावेशी विकास का नया अध्याय लिखेगी व अनाथ बच्चों तथा विधवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी।

# कर्ज से बचने के लिए युवक ने रची अपनी मौत की साजिश

अनंत ज्ञान

- डैम में गाड़ी फेंककर हुआ फरार, पुलिस में मामला दर्ज

**भरमौर।** चंबा जिले में सामने आए एक सनसनीखेज मामले ने सभी को हैरान कर दिया है। ऑनलाइन गेमिंग की लत और बढ़ते कर्ज से परेशान एक युवक ने अपनी मौत का झूठा नाटक रचते हुए चौहड़ा डैम में पिकअप वाहन फेंक दिया और खुद फरार हो गया। मामले का खुलासा पुलिस जांच के बाद हुआ, जिसके बाद युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, युवक मुर्गों की खेप लेने के लिए पठानकोट जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंचा। कुछ समय बाद चौहड़ा डैम के समीप उसकी चप्पलें और वाहन की स्टेपनी मिलने से उसके डैम में गिरने की आशंका जताई गई। इसके बाद स्थानीय लोगों और परिजनों के दबाव पर प्रशासन और पुलिस ने बड़े स्तर पर तलाश अभियान चलाया।

तलाशी के दौरान डैम से युवक की पिकअप गाड़ी बरामद हुई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज मिले, जिनमें युवक घटना के बाद दूसरी जगह जाता दिखाई दिया। इसके बाद जांच की दिशा बदल गई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले की गहन पड़ताल की। जांच में सामने आया कि युवक ऑनलाइन गेमिंग के कारण भारी कर्ज में डूबा हुआ था। प्रारंभिक जांच के अनुसार उसने मुर्गों की खरीद के लिए मिले पैसों से कर्ज चुकाने की योजना बनाई और अपनी कथित मौत का नाटक रचकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने बताया कि युवक बरामद हो चुका है और परिजन उसे पुलिस के समक्ष लेकर आए हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस साजिश के कारण प्रशासनिक संसाधनों और राहत अभियान पर कितना प्रभाव पड़ा तथा क्या किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका भी इसमें शामिल थी।

# जनादेश को स्वीकार करे सुक्खू सरकार : जयराम

## द्रंग विधानसभा क्षेत्र के स्नोर मंडल के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के स्नोर मंडल के नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, प्रधानों, उपप्रधानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक की, जिसमें क्षेत्र के विकास, जनहित के ज्वलंत मुद्दों और पंचायतों की भावी कार्ययोजना पर विस्तार से रणनीति तैयार की गई।


नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ पूर्व सीएम जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि जनता ने जो विश्वास आप पर जताया है, उसे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के विकास को नई गति दें। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज जो आप लोग चुनाव जीतकर आए हैं, उसके पीछे भारतीय जनता पार्टी का एक लंबा और कड़ा कानूनी संघर्ष रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी तय हार को देखते हुए चुनाव समय पर नहीं करवाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि इस तानाशाही रवैये के खिलाफ भाजपा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट गई, जहां दोनों जगह सुक्खू सरकार को मुंह की खानी पड़ी और अंततः सर्वोच्च अदालत के कड़े निर्देश के बाद 31 मई से पहले यह चुनाव संपन्न कराने पड़े।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरह अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं और अपनी करारी हार स्वीकार करने के बजाय लगातार झूठ का सहारा लेकर आंकड़े छिपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले स्थानीय निकाय चुनावों में हार के बाद मुख्यमंत्री ने झूठे आंकड़े पेश किए, फिर पंचायत चुनावों में 2400 प्रधानों की जीत का सफेद झूठ बोला, लेकिन जब भाजपा ने इसकी सूची मांगी तो सरकार के पास कोई जवाब नहीं था। इसके बाद जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में भी कांग्रेस ने अपनी हार छिपाई, जबकि भाजपा ने यहां भी प्रचंड जीत के साथ इनसे दो नगर निगम छीनकर तीन जगह बड़ी जीत दर्ज की।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री की नैतिकता इसी में है कि वे इस प्रचंड जनादेश का सम्मान करें, क्योंकि सत्ता के नशे में चूर होकर वे अपने पद के नैतिक मूल्य पूरी तरह भूल चुके हैं।

# कोली समाज रामपुर ने दिल्ली सम्मेलन के लिए चुने प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** कोली समाज खण्ड ईकाई रामपुर बुशहर की बैठक जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह खोपड़ी में मदन कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में प्रस्तावित अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी पर विस्तार से चर्चा हुई और खण्ड ईकाई से लगभग 17 से 20 प्रतिनिधियों को सम्मेलन में भेजने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद नाथ मुख्य अतिथि होंगे और पूरे देश के कोली समाज के प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। खण्ड ईकाई के सभी कार्यकारिणी सदस्य और अन्य लोग सम्मेलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बैठक में बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के सफल आयोजन के लिए आयोजकों तथा सहयोगियों का धन्यवाद भी प्रकट किया गया। साथ ही सामाजिक सहायता के एक कदम के रूप में कोली समाज ने कमला देवी (पत्नी शीशू पाल, ग्राम बटाली, डाकघर करतोट) को उनके हृदय इलाज के लिए 6,500 रुपए का चेक भेंट किया। समाज ने लोगों व दानी सज्जनों से उनके इलाज के लिए उदार सहयोग की अपील की है। बैठक में उपाध्यक्ष मंगत राम, सचिव अशोक कुमार, कैशियर वीर सिंह, संगठन महामंत्री चुनी लाल, मोहन लाल, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य शेर सिंह, हरदयाल सिंह, मेला राम, गंगा राम, केवल राम, रीता कालटा, कृष्णा देवी, प्रेम जोशी तथा कर्म चंद उपस्थित रहे।

# एनाडेल के पास अत्यधिक पहाड़ी कटान पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला के एनाडेल क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान स्वीकृत सीमा से अधिक पहाड़ी कटान किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों और अधिकारियों से विस्तृत जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायमूर्ति विपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान पाया कि जहां भवन योजना के तहत केवल 3.50 मीटर तक खुदाई की अनुमति थी, वहीं स्थल पर दो स्थानों पर 7.60 मीटर और एक अन्य स्थान पर 6.40 मीटर तक पहाड़ी कटान की गई।

न्यायालय ने इस पर मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुपालन और निगरानी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त निरीक्षण समिति ने अपनी रिपोर्ट में संवेदनशील देवदार वन क्षेत्र और आसपास की पहाड़ी पारिस्थितिकी पर संभावित खतरे की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। समिति ने किसी भी आगे के निर्माण की अनुमति देने से पहले ढलान स्थिरीकरण, रिटेनिंग संरचनाओं, जल निकासी व्यवस्था और विस्तृत भू-तकनीकी अध्ययन कराने की सिफारिश की है। न्यायालय को यह भी बताया गया कि परियोजना से जुड़े पंजीकृत निजी पेशेवर और वास्तुकार को कथित नियम उल्लंघनों के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। खंडपीठ ने शिमला नगर निगम, वन विभाग तथा नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे निर्माण कार्य की निगरानी, स्वीकृत शर्तों के पालन और की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करें। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

# जलवायु संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, मौजूदा आर्थिक नीतियों का भी परिणाम : अशोक ठाकुर

## हिमालयन सेंटर फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट के सेमिनार में जलवायु परिवर्तन पर हुई चर्चा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसएफआई शिमला शहरी कमेटी व हिमालयन सेंटर फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट द्वारा जलवायु परिवर्तन विषय पर एक प्रदेश स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अशोक ठाकुर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज केवल एक पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि मौजूदा आर्थिक और राजनीतिक नीतियों का भी परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारों की नव-उदारवादी नीतियों के तहत प्राकृतिक संसाधनों को बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए खोला जा रहा है, जिससे जल, जंगल और जमीन का अंधाधुंध दोहन हो रहा है।



उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर बड़े प्रोजेक्ट, खनन गतिविधियां, जंगलों की कटाई तथा पर्यावरणीय नियमों में लगातार ढील दिए जाने से जलवायु संकट और अधिक गंभीर होता जा रहा है। अशोक ठाकुर ने कहा कि सरकारें जलवायु परिवर्तन पर चिंता तो व्यक्त करती हैं, लेकिन उनकी नीतियां इसके विपरीत दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण संबंधी कानूनों को कमजोर किया जा रहा है और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश सहित देशभर में भूस्खलन, बादल फटना, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। सेमिनार में वक्ताओं ने पर्यावरण विरोधी नीतियों को वापस लेने, पर्यावरणीय मंजूरी प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने तथा जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

**आयोजन** प्रदेशभर में जनजागरूकता को लेकर आयोजित किए जाएंगे व्यापक कार्यक्रम

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जगाई जाएगी जागरूकता की अलख

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को लेकर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, हिमाचल प्रदेश पुलिस, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2026 मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय ''प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए'' रखा गया है, जिसका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सचिव सुशील सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर 'स्वच्छ पर्यावरण और चिट्टा मुक्त जीवन के लिए दौड़ें' संदेश के साथ मिनी मैराथन-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यावरण प्रबंधन की उत्कृष्ट पहलों को प्रदर्शित किया जाएगा तथा मिनी मैराथन और पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कारों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

मिनी मैराथन को प्रदेश के राज्यपाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जबकि विजेताओं को मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे। सुशील सिंगला ने कहा कि राज्य सरकार अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में चक्रीय अर्थव्यवस्था की अवधारणा को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ठोस अपशिष्ट, ई-कचरा, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, खतरनाक कचरे तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निपटान और पुनर्चक्रण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए पुनर्चक्रणकर्ताओं से लेकर कचरा एकत्र करने वाले श्रमिकों तक सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आजीविका के अवसर भी सुदृढ़ होंगे।

### 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत चलेगा पौधरोपण अभियान

**विश्व** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विद्यालय स्तरीय प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिताएं, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत विशेष पौधरोपण अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को और अधिक मजबूती मिल सके।



### जनभागीदारी पर रहेगा विशेष जोर

**सुशील** सिंगला ने बताया कि राज्य में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2016-17 के बाद से हिमाचल प्रदेश का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 81 से सुधरकर 66 तक पहुंच गया है। स्वच्छ ईंधन के उपयोग और सार्वजनिक परिवहन में विद्युत वाहनों को बढ़ावा देने से इस दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्पेशल एजुकेटर टेट जून-2026 की परीक्षा 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि टीईटी जून-2026 के अंतर्गत स्पेशल एजुकेटर टीईटी की परीक्षाएं 7 जून को आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्री प्राइमरी से कक्षा पांचवीं तक की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक होगी, जिसमें 407 अभ्यर्थी तीन परीक्षा केंद्रों पर शामिल होंगे। वहीं कक्षा छठी से बारहवीं तक की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 128 अभ्यर्थी तीन केंद्रों में परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षाओं की अवधि ढाई घंटे निर्धारित की गई है। प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### इंदौरा पंचायत समिति सदस्यों का शपथ ग्रहण 8 को

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विकास खंड इंदौरा की पंचायत समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में उपमंडलाधिकारी (ना.) इंदौरा एवं विहित प्राधिकारी डॉ सुरिंदर ठाकुर द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार पंचायत समिति इंदौरा के नवनिर्वाचित सदस्यों को पंचायत समिति हॉल, इंदौरा में सुबह 11:00 बजे गोपनीयता एवं पद की शपथ दिलाई जाएगी। यह प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों के तहत संपन्न करवाई जाएगी।

### महाजन सभा की मजबूती को बैठक 14 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** महाजन सभा को नए सिरे से संगठित और मजबूत करने के लिए क्षेत्र के सभी महाजन परिवारों की एक अहम बैठक बुलाई गई है। यह आम बैठक आगामी 14 जून दिन रविवार को सुबह 11 बजे माता कुणाल पथरी मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक की समाप्ति के बाद सभी उपस्थित लोगों के लिए पारंपरिक धाम (सामूहिक भोज) की व्यवस्था भी की गई है। तदर्थ (एड-हॉक) अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने बताया कि इस विशेष सभा का मुख्य उद्देश्य महाजन सभा के भविष्य की रूपरेखा तैयार करना और आगे की रणनीतियों पर सामूहिक रूप से चर्चा करना है।

### द्रोणाचार्य कॉलेजा में छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, रैत।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्कृष्ट छात्रवृत्ति परीक्षा का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुल 54 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह परीक्षा महाविद्यालय के कार्यकारिणी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। परीक्षा का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। परीक्षा परिणाम 5 जून को महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक जीएस पठानिया, प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### नगरोटा बगवां कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम वर्ष (नई शिक्षा नीति-2020) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सोनी ने बताया कि आवेदन 1 जून 2026 से शुरू होकर 19 जून 2026 तक किए जा सकते हैं। विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। बीए, बीएससी (मेडिकल व नॉन-मेडिकल) और बीकॉम सहित विभिन्न विषयों में प्रवेश उपलब्ध है। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को भी रोल-ऑन आधार पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### सरदार नाजिर सिंह पदोन्नत, बने इंस्पेक्टर

**अनंत ज्ञान, गरली।** खाकी की दुनिया में कुछ अधिकारी अपने काम से अलग पहचान बनाते हैं। ऐसे ही अधिकारियों में शामिल सरदार नाजिर सिंह को पदोन्नति देकर इंस्पेक्टर बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पिपिंग सेरेमनी के दौरान एसपी मयंक चौधरी ने उनके कंधों पर इंस्पेक्टर रैंक के सितारे सजाकर उन्हें सम्मानित किया। वर्तमान में वे ज्वालामुखी पुलिस थाना में अतिरिक्त थाना प्रभारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। नाजिर सिंह की पहचान एक सख्त और संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में रही है। उन्होंने रक्कड़, हरिपुर, बैजनाथ और महिला पुलिस थाना चंबा सहित कई स्थानों पर एसएचओ के रूप में कार्य करते हुए कानून व्यवस्था को मजबूत किया और कई जटिल मामलों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई है।

### तंबाकू नियंत्रण अभियान चलाकर किए 11 चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला तंबाकू नियंत्रण उड़नदस्ता एवं नशा निवारण विशेष कार्यबल द्वारा धर्मशाला में तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान डिपो बाजार, सिविल लाइंस, कॉलेज रोड, ज्वाहर नगर और एचपीसीए स्टेडियम के समीप चेलियां क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। अभियान में कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, चेतावनी बोर्ड न लगाना तथा लूज सिगरेट की बिक्री जैसी अनियमितताएं पाए जाने पर 11 व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के चालान किए गए। यह कार्रवाई जिला नोडल अधिकारी डॉ. अनुराधा के नेतृत्व में की गई। टीम में ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी, एएसआई इंदु बाला और अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### बार एसो. बैजनाथ के फिर अध्यक्ष बने अजय

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बार एसोसिएशन बैजनाथ के चुनाव वीरवार को बार रूम में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी के रूप में अधिवक्ता कमलेश कपूर की देखरेख में पूरी प्रक्रिया कराई गई। चुनाव में सर्वसम्मति से अधिवक्ता अजय अवस्थी को पुनः अध्यक्ष चुना गया। वे वर्ष 2016 से लगातार इस पद का दायित्व निभा रहे हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अधिवक्ताओं की समस्याओं, चैंबर निर्माण और बार-बेंच समन्वय को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने जल्द नई कार्यकारिणी के गठन की भी घोषणा की।

### मोक्ष धाम कुदंड़ी थुरल का वित्तीय लेखा-जोखा जारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल में मोक्ष धाम कुदंडी की वर्ष 2024 से लेकर जुलाई 2025 तक जमा हुई राशि और किए गए खर्चों का पूरा ब्यौरा (विवरण) सार्वजनिक कर दिया गया है। मोक्षधाम कुंदडी थुरल समिति द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान कुल जमा राशि में से एक बड़ी राशि विकास कार्यों पर खर्च की गई है। खर्च का ब्यौरा देते हुए समिति के सचिव ने बताया कि मोक्ष धाम के सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों के लिए निम्नलिखित मदों पर खर्च किया गया है जिसमे रेल पट्टी, जीआई, शीट्स, एंगल और पाइप शामिल हैं। समिति के पदाधिकारियों कैप्टन संसार राणा, कैप्टन अशोक गुलेरिया, कैप्टन स्वरूप राणा, कैप्टन रविंद्र शर्मा, कैप्टन ओमप्रकाश राणा, सूबेदार मेहर सिंह राणा, कैप्टन भूपिंदर गुलेरिया (राजू) कैप्टन चरणजीत राणा (चनी), सुरजीत राणा, शालिग्राम शर्मा आदि ने बताया कि मोक्ष धाम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए यह सारा खर्च पारदर्शिता के साथ किया गया है, ताकि स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की दुविधा का सामना न करना पड़े।

# अगले पचास वर्षों को ध्यान में रखकर नई जेल निर्माण का लक्ष्य

## जिला प्रशासन से भूमि उपलब्ध करवाने के लिए किया जा रहा पत्राचार

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला कारागार धर्मशाला प्रशासन ने अगले पचास वर्षों को ध्यान में रखकर नई जेल निर्माण का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में जिला प्रशासन से भूमि उपलब्ध करवाने के लिए पत्राचार किया जा रहा है, ऐसे में जिले में जहां भी प्रशासन भूमि उपलब्ध करवाएगा, वहां पर नई जेल का निर्माण किया जाएगा।

नई जेल के निर्माण में भविष्य में जलों की जरूरतों, कैदियों व स्टाफ की संख्या को देखते हुए प्रारूप तैयार किया जाएगा। जिला कारागार धर्मशाला में आगामी छह माह के भीतर 80 कैदियों की क्षमता का भवन निर्मित हो जाएगा।

◆ **आगामी करीब छह माह में बढ़ जाएगी 80 कैदियों की कैपेसिटी**

गौरतलब है कि वर्तमान में जिला कारागार धर्मशाला में 491 के करीब कैदी हैं, जबकि जिला कारागार की क्षमता 355 के करीब है, जिसके चलते जिला कारागर परिसर में 80 कैदियों की क्षमता का भवन निर्मित किया जा रहा है। वहीं, आगामी पचास वर्षों को ध्यान में रखते हुए भी जिला कारागार के निर्माण के लिए जेल प्रशासन प्रयासरत है। उधर, जिला कारागार धर्मशाला के सुपरिंटेंडेंट विकास भटगनागर ने बताया कि जिला कारागार परिसर में कैदियों के लिए 80 अतिरिक्त क्षमता का निर्माण किया जा रहा है, जो कि करीब छह माह में तैयार हो जाएगा। इसके अलावा जिला कांगड़ा में और जगह भी भूमि देखी जा रही है। जिला प्रशासन जहां भूमि उपलब्ध करवाएगा, वहां नई जेल बनाने का कार्य आरंभ किया जाएगा, जिसके लिए जेल प्रशासन आगामी 50 वर्ष का लक्ष्य लेकर चल रहा है। आगामी 50 वर्षों में जिस तरह की जरूरतें जेलों की होंगी और कैदियों की संख्या सहित जेल स्टाफ को ध्यान में रखकर प्रारूप तैयार किया जाएगा। भूमि उपलब्धता के लिए जिला प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है।

# विधायक काजल ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के साथ निकाला रोड शो

## बज्रेश्वरी मंदिर में माथा टेककर किया भाजपा के मिशन 2027 का अनौपचारिक आगाज

अनंत ज्ञान



बज्रेश्वरी मंदिर में माथा टेकने के बाद सामूहिक चित्र में।

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने पंचायतीराज चुनाव में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों, उप प्रधानों, वार्ड पंचों, पंचायत समिति सदस्यों और जिला पार्षदों के साथ कांगड़ा शहर में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने बैंडबाजों के साथ मां बज्रेश्वरी मंदिर में माथा टेका और भाजपा के मिशन 2027 का औपचारिक रूप से आगाज किया। उन्होंने बताया कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र की 44 पंचायतों में से 30 प्रधान और 30 उप प्रधान भाजपा समर्थक जीते हैं। नगर परिषद का चुनाव भाजपा ने पहली बार लड़ा कुछ कमियां रहीं अगली बार एकजुट होकर नगर परिषद पर भी भाजपा काबिज होगी। काजल ने हिमाचल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह प्रदेश की जनता से किए गए दस चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो महिलाओं को प्रति माह पंद्रह सौ रुपये मिले और न ही बेरोजगारों को स्थायी सरकारी नौकरियां मिलीं। काजल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने विभिन्न विभागों में नियमित रोजगार देने के बजाय बिजली मित्र और वन मित्र जैसी अस्थायी भर्तियां कर बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष रंजीत सिंह, अशोक, जिला पार्षद विजय चौधरी, सुनीता, नगर पार्षद शुभम भारद्वाज, सत प्रकाश सोनी, रमेश महेशी, रविशंकर सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और उनके समर्थक उपस्थित थे।

### पंचायत चुनाव एवं जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी पर प्रवक्ता संघ ने जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा द्वारा एक संयुक्त बयान में कहा कि अभी हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में लगभग 80 फीसदी अध्यापकों की ड्यूटी अभी खत्म ही हुई थी कि पुनः लगभग 50 फीसदी अध्यापकों को जनगणना की ड्यूटी हाथ में थमा दी, जिसका हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा कड़ा विरोध करता है। प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम वार्षिक सत्र के अनुरूप व्यवस्थित होता है अतः मई और जून महीने में अध्यापकों द्वारा पाठ्यक्रम को गति प्रदान की जाती है, परंतु अगर इसी तरह अध्यापकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में लंबे अंतराल तक लगाई जाएगी तो फिर गुणात्मक शिक्षा की अपेक्षा करना बेइमानी होगा। जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि राज्य में पहले ही बहुतायत विद्यालय अध्यापकों की कमी से जूझ रहे हैं , ऊपर से लंबे समय तक अध्यापकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाना बच्चों के साथ अन्याय है। यदि अध्यापक लंबे समय तक गैर शैक्षणिक कार्यों में झोंका जाएगा तो फिर कैसे वह अपना पाठ्यक्रम पूरा करेगा और कैसे वह अच्छा वार्षिक परिणाम देने में सक्षम होगा। परिणाम बोर्ड मानकों के अनुरूप न आने पर संबंधित अध्यापकों की वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी जाएगी तथा कई स्वरूप में उसकी मानसिक प्रताड़ना की जाएगी। राष्ट्रीय शैक्षणिक प्रणाली मनोवैज्ञानिक रूप से विभिन्न स्तर पर विभाजित की गई है, जैसे प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक, बावजूद इसके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से प्रवक्ता प्राथमिक विद्यालयों में भेजे जा रहे हैं, जो प्रवक्ताओं एवं बच्चों के साथ प्रत्यक्ष अन्याय है, इस व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाना चाहिए।

# नूरपुर में कार सवार दो युवक 1.345 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस जिला नूरपुर की सीआईए नूरपुर ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने हरड़ पुल के समीप नाकाबंदी के दौरान एक कार से भारी मात्रा में चरस बरामद कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपियों को पहचान अश्वनी कुमार (38 वर्ष) पुत्र प्रकाश चंद, निवासी गांव व डाकघर-भाली, तहसील व थाना जवाली, जिला कांगड़ा तथा सुनील राणा उर्फ ईशु (29 वर्ष) पुत्र जगरूप सिंह, निवासी गांव व डाकघर-सहवां, तहसील व थाना-शाहपुर, जिला-कांगड़ा के रूप में हुई है।

एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि यह कामयाबी गुप्त सूचना के आधार पर उस समय मिली जब सीआईए टीम हरड़ पुल के पास तैनात थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक संदिग्ध ऑल्टो कार (नंबर एचपी 40ए-7048) की स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसमें कार की चालक सीट के नीचे छुपाकर रखा गया एक काला प्लास्टिक का लिफाफा बरामद हुआ। जब उसे खोलकर जांचा गया, तो उसमें से कुल 1.345 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस टीम ने मादक पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त वाहन को तुरंत कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना नूरपुर में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार दोनों आरोपी। अनंत ज्ञान

### नूरपुर में 6.82 ग्राम चिट्टे सहित एक काबू

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ मुस्तैदी से कार्य करते हुए पुलिस जिला नूरपुर की एक टीम ने एक व्यक्ति को चिट्टा के साथ काबू किया है। आरोपी की पहचान सूरज (34) पुत्र प्रकाश चंद, निवासी गांव-जैसर, डाकघर मतलाहर, तहसील जवाली के रूप में हुई है। पुलिस ने मथोली में शिव मंदिर के पास चेकिंग के दौरान संदेह के आधार पर उक्त व्यक्ति को रोककर तलाशी ली व 6.82 ग्राम चिट्टा बरामद की गई। पुलिस टीम ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

# जालंधर से संचालित चिट्टा नेटवर्क जांच में अहम खुलासे

◆ **जांच में 180 से अधिक पाए गए नशे के शिकार**

◆ **पुलिस ने बनाई लिस्ट, अब काउंसिलिंग की तैयारी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस के ऑपरेशन नया सवेरा के तहत की गई छापेमारी में पकड़े गए आरोपियों के कनेक्शन की जांच में अहम खुलासे हुए हैं। ऑपरेशन के तहत जालंधर से संचालित चिट्टे के नेटवर्क को पुलिस ने तोड़ा है। जानकारी के अनुसार जालंधर के नेटवर्क के तहत जिला कांगड़ा में 8 से 9 काउंटर स्थापित किए गए थे, जिनके माध्यम से जिला के विभिन्न हिस्सों में चिट्टा बेचा जाता था। मामले की गहन जांच में खुलासा हुआ है कि इस नेटवर्क के संपर्क में 180 से अधिक लोग थे, जिन्हें चिट्टे की आदत लग चुकी है। ऐसे लोगों की सूची पुलिस ने तैयार कर ली है, जिनकी काउंसिलिंग की तैयारी पुलिस की ओर से की जा रही है। नेटवर्क की तह तक जाकर पुलिस ने अहम जानकारियां जुटो हुए नेटवर्क के माध्यम से चिट्टा खरीदने वालों का खाका तैयार किया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में जिला पुलिस ने जालंधर से संचालित चिट्टा नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार कर 167 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। साथ ही नेटवर्क में शामिल आरोपियों के खातों की जांच में करीब 80 लाख रुपए की संदिग्ध ट्रांजेक्शन मिली हैं, जिसमें से 40 लाख की ट्रांजेक्शन इसी वर्ष की है। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस ने 180 से अधिक ऐसे लोगों की सूची तैयार की है, जिन्हें चिट्टे की लत है, जो कि सहोता नेटवर्क के माध्यम से चिट्टा प्राप्त करते थे। ऐसे लोगों की काउंसलिंग की जाएगी।

# इस वर्ष समर-विंटर स्कूलों में यथावत रखें अकादमिक सत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के समर और विंटर क्लोजिंग स्कूलों में इस वर्ष अकादमिक सत्र यथावत रखा जाए। गैर-बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं दिसंबर माह में एक साथ करवाने जैसी किसी भी नई व्यवस्था को वर्तमान शैक्षणिक सत्र में लागू नहीं किया जाना चाहिए।

राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देशराज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि ने कहा है कि विंटर क्लोजिंग स्कूलों में इस समय एसए-1 की परीक्षाएं चल रही हैं, जबकि समर क्लोजिंग स्कूलों में मात्र एफए 1 परीक्षा हुई है। इस साल दिसंबर तक पूरा पाठ्यक्रम करवाना और विभागीय नियमावली अनुसार, 240 शैक्षणिक कार्य दिवस पूरे करना संभव नहीं है। वर्तमान सत्र में पुस्तकों की देर से आपूर्ति, बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य, चुनाव ड्यूटियों तथा आगामी जनगणना कार्यों के कारण शिक्षण दिवस पहले ही बड़ी संख्या में प्रभावित हुए हैं जिससे पाठ्यक्रम पढ़ाने का कार्य पिछड़ा हुआ है। प्रदेश में समर और विंटर क्लोजिंग व्यवस्था भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप वर्षों से सफलतापूर्वक चल रही है और इसे बदलने के प्रयोग पहले भी प्रभावी साबित नहीं हुए हैं। संघ ने मांग की है कि इस विषय पर कोई भी निर्णय लेने से पहले सभी शिक्षक संगठनों, विद्यालय प्रमुखों तथा शिक्षा विशेषज्ञों से व्यापक चर्चा की जाए।

### भाजपा पर झूठे आरोप लगा रहे जगत नेगी : बिक्रम


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं भाजपा नेता बिक्रम ठाकुर ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के बयान को हास्यास्पद और तथ्यहीन बताया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर सीमा पर लगाए गए कथित एंट्री टैक्स की जिम्मेदारी पूरी तरह राज्य की कांग्रेस सरकार की है, न कि भाजपा की। बिक्रम ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने ही इसकी अधिसूचना जारी कर टैक्स लागू किया, जिससे जनता और पर्यटकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उभाजपा ने शुरू से ही इस फैसले का विरोध किया था, क्योंकि इससे हिमाचल के पर्यटन व व्यापार पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब विरोध बढ़ता है तो कांग्रेस सराकर अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए विपक्ष पर दोष मढ़ देती है। जनता सब देख रही है और सरकार को अपने हर जनविरोधी फैसले का जवाब देना होगा।

# शाहपुर में बनेगा भव्य शहीद स्मारक, 1947 से अब तक के शहीदों के नाम दर्ज कराने और डोनेशन की अपील

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** पूर्व सैनिकों की संस्था एक्स-सर्विस शाहपुर यूनिट की अहम बैठक कर्नल जय सिंह की अध्यक्षता में लीग ऑफिस में संपन्न हुई। बैठक में शाहपुर क्षेत्र के शहीद सैनिकों की स्मृति में बनाए जा रहे 'शहीद स्मारक' को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

अध्यक्ष कर्नल जय सिंह ने बताया कि वर्ष 1947 से लेकर अब तक देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए शाहपुर क्षेत्र के सभी सैनिकों का विवरण एकत्र किया जा रहा है। इसमें शहीद सैनिकों के नाम, संबंधित सैन्य ऑपरेशन का नाम तथा शहादत की तिथि शामिल की जाएगी। यह समस्त जानकारी एसडीएम कार्यालय के पीछे निर्माणाधीन शहीद स्मारक पर अंकित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहीदों के परिजन अथवा अन्य जानकारी रखने वाले लोग प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लीग ऑफिस में आकर शहीदों का विवरण दर्ज करवा सकते हैं। कर्नल जय सिंह ने पुनर्वास प्राप्त वीरांगनाओं, शहीदों की विधवा माताओं-बहनों तथा आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति शहीद स्मारक निर्माण में स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग देना चाहते हैं, वे निर्धारित समय पर लीग ऑफिस में आकर अपना योगदान दे सकते हैं।




# ग्रामीण विकास की मजबूत नींव पंचायत प्रतिनिधि : अनुराग शर्मा

## डाडासीबा में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान में समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान



नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मां चुनरी पहनाकर सम्मानित किया।

**पिंकी, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डाडा सीबा में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके डाडासीबा पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्य अतिथि अनुराग शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीण विकास की मजबूत नींव और लोकतंत्र की वास्तविक ताकत होते हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों को जनता ने जो विश्वास और जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरना उनका प्रथम दायित्व है। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से क्षेत्र के लोगों को विकास की नई उम्मीदें हैं। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को चुनरी पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के विकास, जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पंचायतों को सशक्त बनाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# अनदेखी: लुगट गांव में कृषि विभाग का भवन बना खंडहर

अनंत ज्ञान



**अजय पाल, पालमपुर।** विकास खंड लंबागांव की ग्राम पंचायत मझेड़ा के गांव लुगट पड़मन मे बना कृषि विभाग का बीज तथा औजार वितरण केंद्र का भवन सरकार की अनदेखी के चलते खंडहर बन चुका है। इस भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी गिर सकता है जिससे कि आस पास के घरों को खतरा बना हुआ है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कालिदास बताया कि कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत मझेड़ा के गांव में लुगट पड़मन में काफी वर्षों पहले एक बीज व औजार वितरण केंद्र का निर्माण किया गया था जिसमें ना तो कोई विभाग का कर्मचारी नियुक्त किया गया और ना ही लोगों को बीज और औजारों का वितरण किया गया। जनता के धन से बनाए गए इस भवन की हालत बदतर बनी हुई है। कालिदास ने कहा कि आम आदमी पार्टी , हिमाचल प्रदेश सरकार तथा कृषि विभाग से से मांग करती है कि स्थानीय जनता के हित में इस भवन का पुनः निर्माण करके स्थायी कर्मचारी नियुक्त किया जाए, जिससे कि आसपास की सभी पंचायत के किसानों को बीज और औजारों की सुविधा उपलब्ध हो सके। जिससे उनके जीवन का स्तर और आर्थिकी में सुधार हो सके।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी हिमाचल प्रदेश तथा जयसिंहपुर विधानसभा के अंतर्गत दिखाई देने वाली जनता से संबंधित हर एक मांग को आम आदमी पार्टी जोर-शोर से उठाएगी और यदि जनता ने आम आदमी पार्टी को मौका दिया तो इन कामों की छानबीन करके जनता के हित में शुरू किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे की समस्या पर 12 को बच्चों से संवाद करेंगी डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशामुक्त हिमाचल के अभियान के प्रति आम लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से 12 जून को उपायुक्त कार्यालय परिसर के बचत भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ स्कूली बच्चों के साथ सीधा संवाद करेंगी। एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया जाएगा। इस अवसर पर स्कूली बच्चे भी भाषण, पोस्टर और नारा लेखन के माध्यम से नशामुक्त हिमाचल का संदेश देंगे। एडीसी ने शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### अपने खाते को आधार से करवाएं लिंक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लोगों से अपील की है कि अगर उन्होंने अभी तक अपना बैंक खाता या डाकघर का खाता आधार से लिंक नहीं करवाया है तो वे इसे अतिशीघ्र आधार से लिंक करवा लें। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को नियमित रूप से पेंशनरों के खातों में भेजने के लिए बैंक अथवा डाकघर खाते की आधार सीडिंग अनिवार्य कर दी है। सभी पेंशनधारक अपने बैंक या डाकघर खाते की आधार सीडिंग प्राथमिकता के आधार पर करवा दें।

### टौणी देवी में ओपन बास्केटबॉल चैंपियनशिप 22 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हेमराज मेमोरियल ओपन बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 जून तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के खेल मैदान में होगा। प्रतियोगिता के संयोजक कृष्ण चंद ने बताया कि प्रतियोगिता की विजेता टीम को 21000 नकद और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 15000 नकद तथा ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 1100 एंट्री फीस निर्धारित की गई है। एंट्री लेने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का भी गठन किया गया है। बैठक में एसडी शर्मा, हंस राज, लवकेश ठाकुर, बलबीर सिंह, भूप सिंह, सरोज, अनमोल आदि मौजूद रहे।

### अपने जीवन को सही दिशा में लगाएं: उमाकांत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जय गुरु देव धर्म विकास संस्था के प्रमुख बाबा उमाकांत महाराज ने सुजानपुर हल्के के करोट खिड़की में आयोजित विशाल सत्संग कार्यक्रम में कहा कि सभी धर्मों का मूल आधार सत्य, अहिंसा और दया है। उन्होंने कहा कि मानव का परम कर्तव्य है कि वह नशे से दूर रहे और अपने जीवन को सही दिशा में लगाएं। बाबा ने युवाओं को मादक पदार्थों से दूर रहने और शुद्ध आहार अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि 'जैसा खाओ अन्न, वैसा होय मन' और शाकाहारी जीवन शैली अपनाने से विचार शुद्ध रहते हैं। उन्होंने मानव शरीर को मंदिर बताते हुए इसकी पवित्रता बनाए रखने पर जोर दिया। सत्संग में मानवता, परोपकार और आत्मिक उन्नति का संदेश दिया गया।

### 5 और 6 को प्रभावित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपकेंद्र नादौन में 5 और 6 जून को नए उपकरण स्थापित करने के कार्य के कारण नादौन शहर, कोहला, सेरा, टिल्लू, बेला और इनके साथ लगते क्षेत्रों में दोनों दिन सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रह सकती है। अणु स्थित 132केवी विद्युत उपकेंद्र के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि अगर किसी फीडर को पूर्ण रूप से बंद करने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके बारे में लोगों को सूचित कर दिया जाएगा।

### तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षाएं शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर व संबंधित शिक्षण संस्थानों में वीरवार से बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमटेक, एम फार्मेसी सहित सभी स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) विषयों के सेमेस्टर परीक्षा व री-अपीयर परीक्षा शुरू हुई। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर की परीक्षा के लिए 39 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उपरोक्त परीक्षाओं में नियमित सेमेस्टर के 16373 और री-अपीयर के 12015 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इसके अलावा विशेष मौका जिन विषयों के अभ्यर्थियों को दिया हैं, उनकी संख्या 22 है। परीक्षाएं जुलाई माह के पहले सप्ताह तक होंगी।

# बिजली के 'जुगाड़' से शहरवासी परेशान

## बार-बार जल रहीं केबल तारें, अधिकारियों के पास मौके पर जाने के लिए समय नहीं

अनंत ज्ञान




**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** बिजली बोर्ड के अधिकारियों के पास उपभोक्ताओं की समस्याओं को हल करने के लिए समय नहीं है। शहर के ट्रांसफार्मर्स और बार-बार जलने वाली केबल तारों को लेकर शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन अधिकारी हैं, जो दिन भर ऐसी दफ्तरों में तो बैठे रहते हैं, मगर मौके पर जाकर खुद हालात का जायजा लेने की जहमत नहीं उठाते।

इसी वजह से रोज-रोज की दिक्कतें अब मुकम्मल तौर पर पांव पसार रही हैं। हमीरपुर शहर में हालात बिजली के अघोषित कटों के अब बेकाबू हो चुके हैं। मरम्मत करके एक तरफ बोर्ड के कर्मचारी और लेबर निकलती है और दूसरी साइड फिर से कोई ना कोई समस्या खड़ी हो जाती है। मृदुल चौक पर पिछले लंबे समय से हालात बेहद खराब हैं। यहां बार-बार केबल जलने की समस्या से बिजली कई घंटे तक बंद रहती है। अभी 6 दिन पहले यहां पर केबल का एक हिस्सा जल गया था। मगर वीरवार को फिर से दोपहर में केबल जल गई। केवल बार-बार क्यों जल रही है इसकी वजह अधिकारियों को मालूम होगी या नहीं, लेकिन 'अनंत ज्ञान' ने जो पड़ताल की उससे यह स्थिति साफ नजर आई कि यह केवल अब मुकम्मल तौर पर खराब हो चुकी है। जुगाड़ से इसे बार-बार जोड़ा जा रहा है। चार दिन इसका हिस्सा ठीक रहता है और उसके बाद फिर से जल जाता है। कारण यह है कि यह केबल पूरी तरह नई डाली जानी चाहिए। पुरानी को रिप्लेस करना पड़ेगा, लेकिन किसी भी अधिकारी को मौके पर जाकर देखने की फुर्सत नहीं है। क्योंकि वह आरामदायक दफ्तर में बैठे हुए हैं। ऐसा नहीं है, कि वह दिन भर कुछ नहीं करते होंगे, मगर फील्ड स्टाफ की समस्या को हल करने के लिए और शहरवासियों को कटों से बचने के लिए उनकी जवाब देही निश्चित रूप से बेमानी साबित हो रही है।

अब यदि रोज-रोज बिजली गुल रहे, तो व्यापारियों की समस्या भी समझी जा सकती है। अच्छी खासी पड़ रही गर्मी के बीच पंखे नहीं चलेंगे, तो फिर बिजली बोर्ड के अधिकारियों को उपभोक्ता कोई शाबाशी तो नहीं देंगे। निश्चित रूप से सरकार की कारगुजारी पर भी अंगुली उठाने से लोग गुरेज नहीं कर रहे। एक्सईएन सुनील भाटिया ने कहा कि वे अभी मौके पर नहीं जा सकते। किसी कोर्ट केस के मामले को लेकर जवाब तैयार कर रहे हैं, लेकिन बाद में जाएंगे। अब कब जाएंगे, कोई पता नहीं। यदि यह का दौरा कर लें तो हो सकता है, एक साथ ही सारी समस्याएं हल हो जाएंगी। मगर लगता है सरकार का डर अधिकारियों को है नहीं, और सिस्टम फिलहाल उपभोक्ताओं के लिए 'चकनाचूर' ही साबित हो रहा है।

# बच्चे के सही पोषण के लिए मां का जागरूक होना जरूरी: डीसी

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि किसी भी बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन, अर्थात गर्भावस्था से लेकर दूसरे जन्मदिन तक का समय उसके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस अवधि में सही पोषण मिलने से बच्चा स्वस्थ और मजबूत भविष्य की ओर अग्रसर हो सकता है।

वीरवार को भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में पोषण अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि बच्चों के सही पोषण के लिए माताओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद छह माह तक केवल मां का दूध और उसके बाद पौष्टिक पूरक आहार देना बच्चों के समुचित विकास के लिए जरूरी है। डीसी ने कहा कि हमारे पारंपरिक व्यंजन और मोटे अनाज, विशेषकर रागी, पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इन्हें दैनिक भोजन में शामिल कर बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भोरंज उपमंडल में लगभग 454 बच्चे कम वजन और कुपोषण की श्रेणी में पाए गए हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए पायलट आधार पर न्यूट्रिशनल इंटरवेंशन कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत बच्चों को पौष्टिक रागी पाउडर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, सीएमओ डॉ. अजय अत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ अनिल कुमार, सीडीपीओ सुनील कुमार ने भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया। सिद्धबाड़ी, धर्मशाला की स्वयंसेवी संस्था चिन्मय ग्रामीण विकास संगठन (कॉर्ड) के विशेषज्ञ अनिता ठाकुर और सुनील कुमार ने रागी के पाउडर तथा अन्य पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी दी।

# भोरंज के ढो गांव की बहू डॉ. नीरू कौशल ने बढ़ाया हमीरपुर का मान

## एससीआई ग्लोबल रैंकिंग में विश्व के शीर्ष 5% वैज्ञानिकों में बनाई जगह

अनंत ज्ञान



**जाहू।** भोरंज उपमंडल के ढो गांव की बहू डॉ. नीरू कौशल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर जिला हमीरपुर तथा हिमाचल प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली डॉ. कौशल को एससीआई ग्लोबल रैंकिंग में विश्व के शीर्ष 5 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और उच्च स्तरीय शोध कार्यों का परिणाम है।

पिछले 11 वर्षों से सहायक प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रही डॉ. नीरू कौशल को हाल ही में उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों तथा विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'बेस्ट वूमेन साइंटिस्ट अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

डॉ. नीरू कौशल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु एवं मार्गदर्शक प्रो. हर्ष नैयर, पिता सतीश कुमार, पति संदीप कतना, ससुर देश राज कतना, सास मीना देवी तथा परिवार के अन्य सदस्यों, मित्रों और शुभचिंतकों को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार और मार्गदर्शकों के निरंतर सहयोग, प्रेरणा एवं विश्वास ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में डॉ. कौशल के कार्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है। उनकी यह उपलब्धि युवा पीढ़ी, विशेषकर विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छुक छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। क्षेत्र के लोगों ने डॉ. नीरू कौशल को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सुजानपुर में नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव अगले हफ्ते तक टला

# शपथ लेने के बाद अधिकारी करते रहे पार्षदों का इंतजार, बैठक में नहीं पहुंचे

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद रखी गई बैठक में अधिकारी पार्षदों का इंतजार करते रहे, लेकिन पार्षद नहीं पहुंचे। बैठक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन के लिए रखी गई थी। अधिकारियों द्वारा पार्षदों का इंतजार किया गया, लेकिन एक भी पार्षद बैठक में नहीं पहुंचा। इसके चलते बैठक को अगले सप्ताह तक के लिए टाल दिया गया है।

एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला के अनुसार अब अगले सप्ताह बैठक का आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद सुजानपुर के सभी 9 नवनिर्वाचित पार्षदों को एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला द्वारा सुबह 11 बजे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुजानपुर तहसीलदार प्रवीण ठाकुर भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को चुनने के लिए 12:30 पर सभी पार्षदों को बैठक के लिए बुलाया, लेकिन एक भी पार्षद नहीं पहुंचा। ऐसे में बैठक को अगले सप्ताह तक के लिए टाल दिया गया। नगर परिषद सुजानपुर के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को चुनने के लिए वीरवार को रखी गई बैठक के लिए 9 में से 7 पार्षदों का उपस्थित होना जरूरी था। अब नगर परिषद की आगामी होने वाली बैठक हेतु सात के स्थान पर पांच पार्षदों के उपस्थित होने पर बैठक का कोरम पूरा हो जाना है।



एसडीएम विकास शुक्ला ने दिलाई नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ। अनंत ज्ञान

### नगर पंचायत भोटा में आज दिलाई जाएगी शपथ

**अंनत ज्ञान, संजीव, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में आज शुक्रवार को नव निर्वाचित सात पार्षदों को शपथ एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी पद एवं गोपनीयता की शपथ सांय 3:00 बजे एसडीएम बडसर स्वाती डोगरा द्वारा दिलाई जाएगी। जिन नव निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी उनमें से सरोज कुमारी, अश्विनी कुमार रिंका देवी ,मनोरमा शर्मा, रंजन कतना, बलदेव राज व अनिल धीमान शामिल है इन पार्षदों में तीन पार्षद भारतीय जनता पार्टी, दो पार्षद कांग्रेस एवं दो पार्षद व्यापार मंडल के बताए जा रहे हैं। शपथ समारोह नगर पंचायत भोटा के परिसर में ही आयोजित किया जाएगा। इसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। देखना यह है जिस तरह सुजानपुर नगर परिषद के पार्षद बैठक में नहीं आए क्या भोटा में भी वही दोहराया जाएगा। सबकी निगाहें आज होने वाली बैठक पर टिकी हुई हैं।

# विवाह अनुदान योजना बनी श्रमिक अक्षय कुमार के लिए बड़ा सहारा

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों के लिए विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर खर्च का प्रबंध करना अक्सर बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विवाह अनुदान योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल साबित हो रही है।

इसका उदाहरण जिला हमीरपुर के सुजानपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत दाड़ला के गांव मयाणा के युवा श्रमिक अक्षय कुमार हैं। अक्षय कुमार सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल) की निर्माणाधीन धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना में कार्यरत थे। परिवार की सीमित आय और माता के निधन के कारण उनकी शादी का खर्च जुटाना कठिन लग रहा था। पिता गगन सिंह छोटी सी पुश्तैनी जमीन पर खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इसी दौरान अक्षय को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विवाह अनुदान योजना की जानकारी मिली। बोर्ड में पंजीकृत होने के कारण अक्षय कुमार को विवाह के लिए 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। इस सहायता से उनकी शादी धूमधाम से संपन्न हुई और वे कोमल के साथ नए जीवन की शुरुआत कर सके। अक्षय ने प्रदेश सरकार और बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बोर्ड की 13 कल्याणकारी योजनाएं श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह ठाकुर ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान जिला में विभिन्न योजनाओं के तहत 7.47 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गई। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए 211.47 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है, जिससे हजारों पात्र श्रमिक लाभान्वित होंगे।

# जेईई एडवांस्ड में टौणी देवी के रोहित ने ऑल इंडिया रैंक 1711 पाया



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** लालयार गांव के होनहार छात्र रोहित शर्मा ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक 1711 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा दिया है। इससे पहले जेईई मेन्स में उन्होंने 99.95 परसेंटायल (आल इंडिया रैंक 802) की शानदार उपलब्धि हासिल की थी। रोहित के पिता मनोहर लाल (पूर्व सैनिक, वर्तमान में पटवारी) व माता रीना कुमारी (ग्राम पंचायत प्रधान) ने बेटे की सफलता पर गर्व जताया। उनके बड़े भाई राहुल ने भी जेईई मेन्स में 95 परसेंटायल पाया। डीएवी स्कूल ग्रेयोह के इस छात्र ने फिजिक्स वाला से ऑनलाइन कोचिंग ली। उनकी मेहनत ने साबित कर दिया कि ग्रामीण छात्र भी देश के टॉप संस्थानों में जगह बना सकते हैं। अब उनका आईआईटी में प्रवेश लगभग तय है। पूरे क्षेत्र में बधाइयों का सिलसिला जारी है।

# बिजली बोर्ड में जल्द भरे जाएं रिक्त पद: खरवाड़ा

◆ **बैठक में लंबित वित्तीय लाभों के शीघ्र भुगतान की उठाई मांग**

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई नादौन की बैठक गगाल में इकाई अध्यक्ष राज कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा, इकाई सचिव विधि चंद, कोषाध्यक्ष पृथ्वी चंद सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स उपस्थित रहे।

कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि फोरम के लगातार प्रयासों और बोर्ड प्रबंधन के साथ हुई बैठकों के परिणामस्वरूप जनवरी 2025 तक पेंशनर्स के वित्तीय लाभों से संबंधित ड्रॉइंग लिमिटें जारी कर दी गई हैं। इसके अलावा वर्ष 2022 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की ग्रेच्युटी तथा लीव-इनकैशमेंट का भुगतान दिसंबर 2024 तक कर दिया गया है, जिससे अनेक पेंशनर्स को राहत मिली है। हालांकि उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ से दो वर्षों में सेवानिवृत्त हुए कई पेंशनर्स की ग्रेच्युटी, लीव-इनकैशमेंट और अन्य वित्तीय लाभ अभी भी लंबित हैं। फोरम ने इन सभी देयों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर करने की मांग उठाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार से 1 जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की बकाया राशि जारी करने तथा कर्मचारियों और पेंशनर्स को लंबित महंगाई भत्ते की किस्तें केंद्र सरकार के पैटर्न पर देने की भी मांग की। खरवाड़ा ने विद्युत बोर्ड में रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती करने, विद्युत उपकेंद्रों का संचालन ठेकेदारों के बजाय बोर्ड के माध्यम से करवाने तथा सभी विद्युत कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और विद्युत दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# डीडीएम साई लॉ कॉलेज में किया विद्यार्थियों का करियर मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई लॉ कॉलेज, कल्लर, नादौन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से 'विथ इन एंड बियॉन्ड लॉ: 'जन ऑफ एक्सीलेंस' विषय पर एक विशेष करियर ओरिएंट एंड गाइडलाइन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों को कानून के क्षेत्र के भीतर एवं उससे परे उपलब्ध विविध करियर अवसरों, आवश्यक कौशलों तथा भविष्य की चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी 'कैप्टन जेएम पठानिया' तथा वक्ता युवा प्रेरक प्रयास शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों एवं प्रेरणादायक विचारों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रहकर नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल तथा प्रतिस्पर्धा वातावरण के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का संदेश दिया। कॉलेज प्रबंधन राजेश कपिल ने इस प्रकार के ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने करियर के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करते हैं तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कॉलेज के प्राचार्य विजय कुमार ने कहा कि डीडीएम साई लॉ कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# बच्चे भी उठा सकते हैं नालसा की मुफ्त कानूनी सहायता योजना का लाभ: कुलदीप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं समिति हमीरपुर के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। इन योजनाओं में मुफ्त कानूनी सहायता योजना सबसे महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में नालसा ने बच्चों के लिए भी चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम, 2024 आरंभ की है। कुलदीप शर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत हर बच्चे के लिए मुफ्त कानूनी सहायता का प्रावधान किया गया है। बच्चों को जानकारी पाने का अधिकार, अपना पक्ष रखने तथा उसके पक्ष को गंभीरता से सुनने का अधिकार, गरिमा एवं सम्मान तथा गोपनीयता का अधिकार भी बच्चों को दिया गया है। कुलदीप शर्मा ने बताया कि मुफ्त कानूनी सहायता के लिए नालसा ने टॉल फ्री नंबर 15100 पर हेल्पलाइन आरंभ की है। इसके अलावा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर 1098 पर भी संपर्क किया जा सकता है। दिव्यांगों को भी मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए 14456 हेल्पलाइन नंबर आरंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 01972-224399 या ई-मेल पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के पैनल वकील और पैरा लीगल वॉलंटियर्स उपलब्ध करवाए जाते हैं। उन्होंने पात्र एवं जरुरतमंद लोगों से इन सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# पीओ सेल ने कुल्लू से गिरफ्तार किया उद्घोषित अपराधी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीओ सेल हमीरपुर ने उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान में एक और सफलता हासिल की है। आरोपी मनोज कुमार सूद निवासी मणिकर्ण चौक शमशी, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू, जिसे हमीरपुर कोर्ट द्वारा दिनांक 19.07.2024 को थाना हमीरपुर के धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था, को पीओ सेल हमीरपुर ने लगातार प्रयासों एवं तकनीकी निगरानी के आधार पर दिनांक 03.06.2026 को सैंज, तहसील बंजार, जिला कुल्लू से गिरफ्तार किया है। आरोपी को वीरवार को कोर्ट में पेश किया गया।

# हत्या करने के इरादे से अपहरण करने के दोषी को 7 साल की कैद

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर सचिन रघु ने आरोपी विजय कुमार, निवासी तहसील नादौन और जिला हमीरपुर को आईपीसी की धारा 364, 506 और 201 के तहत अपराध करने का दोषी ठहराया है।



विजय कुमार पर आरोप था कि उसने एक बैंक में कार्यरत पीड़िता की हत्या करने के इरादे से अपहरण किया था। यह मामला महिला पुलिस थाना हमीरपुर में एफआईआर संख्या 53/2021, दिनांक 22.12.2021 के तहत आईपीसी की धारा 364 और 506 के अंतर्गत दर्ज किया गया था। जांच पूरी होने के बाद पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र (चार्जशीट) प्रस्तुत किया गया। इस मामले का विचारण (ट्रायल) अजय ठाकुर, राहुल चोपड़ा और अनुज शर्मा, माननीय लोक अभियोजक, हमीरपुर द्वारा संचालित किया गया और विचारण के दौरान, अभियोजन पक्ष द्वारा आरोपी के विरुद्ध आरोपों को सिद्ध करने के लिए 39 गवाहों की जांच की गई। साक्ष्य पूर्ण होने तथा अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के उपरांत, माननीय विचारण न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। धारा 364 के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास और 25,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, प्रत्येक को चार माह का साधारण कारावास। धारा 506 के तहत एक वर्ष का साधारण कारावास और 2,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, प्रत्येक को दो माह का साधारण कारावास।

धारा 201 के तहत 2 वर्ष का साधारण कारावास और 3,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, तीन माह का साधारण कारावास। सभी दंडादेश साथ-साथ चलेंगे।

# गारली-जोल-धबडयाणा संपर्क मार्ग बना आफत, हर समय हादसे का डर

## वाहन चालक हो रहे परेशान, निर्देशों के बावजूद नहीं हुआ कोई सुधार

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला संपर्क मार्ग गारली-जोल वाया धबड़याणा अपनी बदहाल स्थिति के कारण वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। सड़क की जर्जर हालत के चलते लोगों में लगातार हादसों का भय बना हुआ है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इसी सड़क मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ था, जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को सड़क की मरम्मत के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए थे। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद सड़क की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है।



गारली-जोल वाया धबड़याणा संपर्क मार्ग खस्ताहाल में अनंत ज्ञान

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिस स्थान पर सड़क सबसे अधिक क्षतिग्रस्त है, उसके समीप ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा का निवास भी स्थित है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत न होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री के गृह जिला हमीरपुर में ही सड़कों की ऐसी स्थिति है, तो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सड़क के बीचों-बीच मिट्टी और मलबा पड़े होने से वाहन चालकों को भारी जोखिम उठाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने नवनियुक्त बीडीसी सदस्य पवन शर्मा से भी इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अपिल कुमार ने बताया कि मामला विभाग के संज्ञान में है और सड़क की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

# गौना करौर स्कूल के छात्र अर्पण का इनस्पायर प्रतियोगिता के लिए चयन



अध्यापकों ने दी विद्यार्थी अर्पण दत्त शर्मा को बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौना करौर के प्रतिभाशाली छात्र अर्पण दत्त शर्मा ने राज्य स्तरीय इंस्पायर प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

उन्होंने 'सुरक्षित इलेक्ट्रिक आयरन' विषय पर अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे निर्णायकों ने खूब सराहा। यह मॉडल विद्युत सुरक्षा, दुर्घटना रोकथाम और ऊर्जा संरक्षण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे जिला हमीरपुर में खुशी का माहौल है। उपनिदेशक शिक्षा विभाग हमीरपुर कमल किशोर भारती , जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम, उपप्रधानाचार्य सीमा कुमारी, अभिभावकों एवं समस्त स्टाफ ने अर्पण दत्त शर्मा को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### दो युवक 1.08 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चंद्राखड़ी जंगल क्षेत्र से दो युवकों को चिट्टे (हेरोइन) सहित गिरफ्तार किया है। सरकाघाट पुलिस के अनुसार पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दिव्यांशू जाजर कुकैण सरकाघाट तथा अमन ठाकुर फडाणू, सरकाघाट को हिरासत में लिया।तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 1.08 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 29, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और नशा तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है

### बारिश से महादेव में मौसम हुआ कूल-कूल

**अनंत ज्ञान, महादेव।** वीरवार को अचानक आंधी-तूफान के साथ आई बारिश ने जहां ठंडक पहुंचाई वहीं बारिश को इसलिए भी सोने पर सुहागा बताया जा रहा है क्योंकि यह बारिश फसल बिजाई के लिए बेहतर बताई जा रही है। खरीफ की फसल मक्की की बिजाई के चलते यह आसमानी पानी बड़ा ही उपयोगी बताया जा रहा है जो बीजी गई चरी बाजरा यानि पशु चारा के लिए वरदान बताया जा रहा है।भीगे भीगे मौसम से किसान एवं अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोग राहत महसूस कर रहे हैं।

### लंबित एरियर जारी करे प्रदेश सरकार: नरेश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने पंजाब सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य में 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को शीघ्र लागू किया जाए तथा एसीपी योजना को पुनः बहाल किया जाए। नरेश ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया है। इसलिए उन्हें समयबद्ध वित्तीय लाभ एवं पदोन्नति संबंधी सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। एसीपी योजना कर्मचारियों को सेवा अवधि के दौरान वित्तीय उन्नयन प्रदान करती है, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है तथा कार्यक्षमता में सुधार होता है। उन्होंने हिमाचल सरकार से भी मांग की कि कर्मचारियों और पेंशनरों का लंबित वेतन एवं पेंशन एरियर शीघ्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को उनके देय वित्तीय लाभों के भुगतान में लगातार हो रही देरी से भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को अपने वादों के अनुरूप लंबित एरियर का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए।

### बैरी के दो वार्ड सदस्य भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैरी के वार्ड सदस्य मानसिंह और आशा देवी ने कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और संगठन की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। भाजपा के महामंत्री पवन कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने दोनों वार्ड सदस्यों का भाजपा परिवार में स्वागत किया है। विधायक ने आशा व्यक्त की कि मानसिंह और आशा देवी भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए पंचायत क्षेत्र के लोगों के कल्याण, विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में लगातार लोगों का विश्वास बढ़ रहा है और विभिन्न क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि पार्टी की विचारधारा से जुड़ रहे हैं।

### नाग चवासी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की धूम

**अनंत ज्ञान, भौर।** करसोग उपमंडल की महोगधार पंचायत स्थित प्रसिद्ध नाग चवासी मंदिर में नाग देवता की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय धार्मिक समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आरंभ हो गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। समारोह में भाग लेने पहुंचे शहीद भगत सिंह स्मृति संघ महादेव के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का मंदिर कमेटी के प्रधान ध्यान चंद, उपप्रधान सतीश कुमार तथा प्रबंधन समिति के सदस्य टीसी ठाकुर, देशराज ठाकुर, संत कुमार, हुक्म चंद, भगत राम सहित अन्य पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ, पूजा-अर्चना तथा संगीतमय भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालु देव संस्कृति और पारंपरिक लोक आस्था के इस अनूठे संगम का आनंद ले रहे हैं। मंदिर परिसर में नाग चवासी के बजंतरी, कारदार और अन्य पारंपरिक सेवकों द्वारा निभाई जा रही देव परंपराएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

# सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : दीपक शर्मा

## चक्कर में दूध प्रसंस्करण क्षमता एक लाख लीटर प्रतिदिन करने का प्रस्ताव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मंडी दीपक शर्मा ने वीरवार को चक्कर स्थित दुग्ध संघ के संयंत्र प्रभारी एवं प्रबंधन अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान दुग्ध उत्पादकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने, दूध संग्रहण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों एवं पशुपालकों के समक्ष आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। दीपक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों, पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पशुपालन और दुग्ध उत्पादन क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई जनहितकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जा रही हैं।



चक्कर स्थित दुग्ध संघ के संयंत्र प्रभारी एवं प्रबंधन अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट करते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव दीपक शर्मा।

शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की सकारात्मक नीतियों और दुग्ध उत्पादकों के बढ़ते विश्वास के कारण पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में दुग्ध उत्पादकों की संख्या में तीन से चार गुना तक वृद्धि दर्ज की गई है, जो इस क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए चक्कर दुग्ध संयंत्र की दूध प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाकर एक लाख लीटर प्रतिदिन करने का प्रावधान प्रस्तावित है। इस महत्वाकांक्षी पहल से मंडी सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों दुग्ध उत्पादकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा दूध के बेहतर संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और दुग्ध संघ के संयुक्त प्रयासों से दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि होगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# संधोल में रह रहे प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण कराएं मकान मालिक

अनंत ज्ञान

◆ **चौकी प्रभारी बोले-निर्देश न मानने वालों पर होगी कार्रवाई**

**सरकाघाट।** संधोल तहसील के अंतर्गत बाहरी राज्यों से आने वाले श्रमिकों के पंजीकरण पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने कड़ी चेतावनी जारी की है। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजीव जम्वाल ने बताया कि बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर संधोल चौकी के तहत आ रहे हैं, लेकिन वे न तो अपनी पहचान उजागर कर रहे हैं और न ही चौकी में अपना पंजीकरण करवा रहे है, जिससे आए दिन कोई न कोई विवाद इन मंज़दूरों के सामने आ रहे हैं। उपनिरीक्षक ने बताया कि जिन भी मकान मालिकों ने इन प्रवासी मजदूरों को अपने घरों में शरण दी है वे इन मजदूरों का पंजीकरण सुनिश्चित करें अन्यथा किसी भी विवाद की स्थिति में ये पुलिस को पता चलता है कि कोई प्रवासी लोग बिना पंजीकरण के किसी भी मकान में रह रहे हैं तो ऐसे मकान मालिकों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि हाल ही में इन प्रवासी मजदूरों के आपसी झगड़े और छेड़खानी की वारदाते काफी बढ़ गई है जिसमें ये लोग क्राइम कर भाग जाते हैं और पुलिस को उनको पकड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। उपनिरीक्षक संजीव जम्वाल ने सभी मकान मालिकों से आग्रह किया है कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए हफ्ते भर में ऐसे तमाम लोगों का पंजीकरण सुनिश्चित करवाए जो अब तक पंजीकृत नहीं हुए है। यही नहीं बता दें कि इन मजदूरों का सत्यापन भी नहीं हो रहा है । सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी से ये बात सामने आई है, जिसमें धलारा ग्राम के निवासी समाजसेवी अर्जुन सिंह ने उपमंडल अधिकारी नागरिक धरमपुर से जानकारी मांगी थी कि बाहरी राज्यों से आए श्रमिकों और व्यवसाइयों के पतों के सत्यापन की जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, जिसपर सूचना अधिकारी ने ऐसी किसी भी जानकारी न होने का हवाला दिया है। वहीं, डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने बताया कि संधोल क्षेत्र में हाल ही में प्रवासी मजदूरों के आपसी विवाद सामने आए हैं। ऐसे में उन्होंने सभी प्रवासी मजदूरों को पुलिस के पास पंजीकरण करवाने को कहा है।

# टिक्कर कलां में आभार यात्रा निकालेंगे लेखराम गुलशन

अनंत ज्ञान

**मंडी।** ग्राम पंचायत टिक्कर कलां के प्रधान पद के पूर्व प्रत्याशी एवं हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष लेखराम गुलशन ने पंचायत चुनाव में मिले समर्थन के लिए पंचायत की सभी पांच वार्डों में शीघ्र आभार यात्रा निकालने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। गुलशन ने पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन और पंचायतवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आत्ममंथन का अवसर भी प्रदान करते हैं और वह अपनी कमियों का विश्लेषण कर भविष्य में उन्हें दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2031 के पंचायत चुनाव में वह नए उत्साह के साथ जनता के बीच जाएंगे। गुलशन ने संतोष व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने उनके 43 सूत्रीय घोषणा पत्र में शामिल टिक्कर-बाड़ी-बनग्राम-खारसी तथा टिक्कर-नघरवाड़ी-मलवाणा सड़कों की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया है।



उन्होंने नवनिर्वाचित प्रधान सुरेश शर्मा, उपप्रधान पूर्ण चंद यादव और वार्ड सदस्यों से जनता से किए वादों को जल्द अमलीजामा पहनाने का आग्रह करते हुए जनहित के कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

# धनोटू-बग्गी मार्ग के स्पीड ब्रेकरों पर पेंट कार्य शुरू

## अनंत ज्ञान में खबर छपते ही एक हफ्ते से भी कम समय में हरकत में आया विभाग

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** सुंदरनगर के धनोटू से बग्गी नहर किनारे सड़क पर बने स्पीड ब्रेकरों पर चेतावनी पेंट न होने के कारण संभावित हादसों को लेकर 30 मई को अनंत ज्ञान में प्रमुखता से प्रकाशित समाचार का असर देखने को मिला है। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और एक सप्ताह से भी कम समय में स्पीड ब्रेकरों पर पेंट करने का कार्य शुरू कर दिया गया।

स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर बिना किसी संकेतक और पेंट के वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए थे। विशेषकर रात्रि के समय वाहन चालकों को इन स्पीड ब्रेकरों का अंदाजा नहीं लग पाता था, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। अनंत ज्ञान ने प्रभावित लोगों की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे और चेताया था कि लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि सड़क पर अपेक्षाकृत कम यातायात होने के कारण कोई गंभीर दुर्घटना नहीं हुई, लेकिन समय रहते मामला उजागर होने से प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी जनसुरक्षा से जुड़े ऐसे मुद्दों पर प्रशासन तत्परता से कदम उठाएगा। अनंत ज्ञान ने स्पष्ट किया है कि वह आगे भी जनहित और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर जिम्मेदार विभागों तक पहुंचाता रहेगा।



मार्ग पर कई स्पीड ब्रेकरों का मिट चुका पेंट, नहीं देते दिखाई

धनोटू-बग्गी सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं दिखने से स्कूटी समेत नीचे गिरी महिला

अनंत ज्ञान के 30 मई के अंक में छपी खबर।



धनोटू-बग्गी मार्ग पर बने एक स्पीडब्रेकर को किया गया पेंट।

◆ **पेंट न होने से वाहन चालकों को नहीं दिखते थे स्पीड ब्रेकर**

# टिहरा चौक पर लगीं रेहड़ियों से हादसों का डर

## वाहन चालकों के बार-बार ऐतराज करने के बावजूद प्रशासन ने नहीं की हटाने की कोशिश

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट हमीरपुर राष्ट्रीय उच्च मार्ग और सरकाघाट-घुमारवीं सुपर हाईवे का संगम सरकाघाट का सबसे व्यस्त टिहरा चौक पर एक राजनीतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति की अरसे से रेहड़ियां लगीं होने से जहां जनता की सुरक्षा दांव पर लगी हुई है, वहीं यह पॉइंट दुर्घटनाओं का सबक भी बन चुका है। वाहन चालकों के बार-बार ऐतराज करने के बावजूद प्रशासन द्वारा इन्हें हटाने की कोशिश नहीं की गई है।

हैरानी की बात यह है कि इस चौक पर पुलिस की गुमटी और बेरिकेडिंग होने के बावजूद इन रेहड़ियों को आज तक हटाया नहीं जा सका है। रसूखदार की पहुंच इतनी है कि उसने इस जगह एनएच निर्माण में लगी कंपनी तक को तारकोल बिछाने नहीं दिया। जबकि दस माह पहले यहां पर विद्युत विभाग का शिकायत कक्ष था जिसे गिरा कर हाईवे डबल लेन किया है द्य पुलिस के बैरिकेडिंग के सामने लगी इन रेहड़ियों और लोगों के जमावड़े से वाहन चालकों को भारी असुविधा उठानी पड़ती है। यही नहीं साथ लगी गन्ना मशीन से निकले कचरे को कई दिनों से फुटपाथ पर जमा किया जाता है जिससे राहगीर मेन रोड पर चलने के लिए मजबूर हैं।




टिहरा चौक पर लगाई गई रेहड़ियां, जिनके कारण हादसों का भय बना रहता है।

### समय-समय पर करते हैं निरीक्षण : देशराज ठाकुर

**फूड** सप्लाई इंस्पेक्टर देशराज ठाकुर का कहना है कि टीम समय-समय पर सभी जगह औचक निरीक्षण करती है। अगर कोई ढाबों और रेहड़ी पर घरेलू सिलेंडर लगा रहा है तो उसे विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

### कार्रवाई करने के दिए जा रहे आदेश : एसडीएम

**एसडीएम** राजेंद्र गौतम ने बताया कि हाईवे पर रेहड़ियों लगाए जाने के चलते लोगों को परेशानियां झेलने पड़ रही है फुटपाथ भी अवरुद्ध किया है, घरेलू गैस सिलेंडर लगाए जाने की भी शिकायतें मिली हैं। इसे लेकर एमसी और फूड सप्लाई विभाग को तुरंत कार्रवाई करने की आदेश जारी कर रहे हैं।

### सरेआम होता है घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग



**नेशनल** हाईवे में लगी फास्ट फूड की इन रेहड़ियों में सरेआम कमर्शियल के बजाए घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग में लाए जाते हैं लेकिन मजाल कि कोई प्रशासनिक अधिकारी इस पर रोक लगा सके। प्रवासी सत्ता में इतना ताकतवर हो गया है कि अगर कोई प्रशासनिक अधिकारी सिलेंडर जप्त करता भी है तो वह उसकी ट्रांसफर तक करवा देता है बताया जाता है कि सब रेहड़ियों का मालिक उत्तरप्रदेश से संबंध रखता है और बाजार में इंडेन गैस सिलेंडर का कथित तौर पर वितरण करता है। सांठगांठ होने के कारण अपनी रेहड़ियों पर भी घरेलू गैस सिलेंडर ही प्रयोग करता है।

# छोटाभंगाल और चौहार घाटी में एक परिवार-एक नौकरी' की मांग एक बार फिर तेज

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटी के लोगों ने एक बार फिर 'एक परिवार-एक नौकरी' की मांग को प्रमुखता से उठाया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकारें वर्षों से गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं चला रही हैं, जिनका लाभ भी जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच रहा है, लेकिन स्थायी रोजगार के बिना गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार संभव नहीं है। भागमल, राजकुमार, दान सिंह, मस्त राम, दुर्गा दास, जसवंत सिंह, सुनील दत्त, राकेश कुमार, विनोद कुमार, डागी राम और निहाल चंद सहित अन्य लोगों ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारों ने गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन रोजगार ही ऐसा माध्यम है जो किसी भी परिवार को आत्मनिर्भर बना सकता है। उनका कहना है कि साधन-संपन्न परिवार लगातार प्रगति कर रहे हैं, जबकि गरीब परिवार आर्थिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रत्येक गरीब परिवार के कम से कम एक सदस्य को उसकी योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाई जाए। उनका कहना है कि यदि जरूरतमंद परिवारों के युवाओं को रोजगार मिलेगा तो उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकेंगे। लोगों ने सरकार से इस दिशा में ठोस नीति बनाकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

◆ **सरकार से गरीब परिवारों को रोजगार देने की मांग**

# मंडी कॉलेज के 29 एनसीसी कैडेट्स सेना में बने अग्निवीर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के लिए वीरवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा। महाविद्यालय की एनसीसी एयर विंग और आर्मी विंग के कुल 29 कैडेट भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित हुए हैं। इस उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि मंडी जिला और प्रदेश को भी गौरवान्वित होने का अवसर मिला है। एनसीसी एयर विंग के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने बताया कि एयर विंग के 11 कैडेट्स ने अग्निवीर भर्ती में सफलता हासिल की है।

इनमें लीडिंग फ्लाइंग कैडेट सुनील, आशीष, नागेश्वर, अभिषेक, देवांश, नागेंद्र, दीपक, हिमांशु, नितीश, युगेंदर और वीरेंद्र शामिल हैं। वहीं, आर्मी विंग के कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डॉ. बलबीर सिंह के अनुसार आर्मी विंग के 18 कैडेट्स अंशुल कुमार, रोहन, जितेन, तुपेंद्र, विजय कुमार, प्रशांत, साहिल, सुजल, प्रवीण, हेमराज, राहुल, वेद प्रकाश, प्राकुल, अरमान, पार्थिक, दीपक, सोनू और मनीष राणा का चयन हुआ है। विशेष बात यह रही कि एयर विंग के कैडेट नागेंद्र ने गणतंत्र दिवस शिविर-2026 में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि एनसीसी के मूल मंत्र 'एकता और अनुशासन' की भावना का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के कई कैडेट पूर्व में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट और भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में राष्ट्रपति कमीशन प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने चयनित कैडेट्स, उनके अभिभावकों तथा एनसीसी अधिकारियों फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन, लेफ्टिनेंट डॉ. बलबीर सिंह और डॉ. कविता को बधाई देते हुए इसे संस्थान के गौरवशाली इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने की विधायक इंद्र गांधी से भेंट

**अनंत ज्ञान, बैहना।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र सिंह गांधी से नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत समिति सदस्यों तथा जिला परिषद सदस्यों के शिष्टाचार भेंट करने का सिलसिला लगातार जारी है। बल्ह भाजपा मंडल नेरचौक के अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष ने बताया कि पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों के बाद क्षेत्र के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधि विधायक से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर मुलाकात कर रहे हैं।इसी क्रम में ग्राम पंचायत बैरी, लोहरड़ी, लुहाखर सहित विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों ने विधायक इंद्र सिंह गांधी से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा बैहल वार्ड से नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य संजय रावत तथा नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर-15 दौहंदी से निर्वाचित पार्षद रीता देवी ने भी विधायक से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने आशा व्यक्त की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देंगे।

**बैठक** एनएच-70 से प्रभावितों की शिकायतों के समाधान पर हुआ मंथन

# घरों को बरसात से पहले लगाएं सुरक्षा दीवारें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में निर्माणाधीन हमीरपुर से मंडी वाया धर्मपुर कोटली राष्ट्रीय राजमार्ग 70 की प्रगति और प्रभावित लोगों की शिकायतों के समाधान को लेकर वीरवार को मंडी में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 नवंबर 2025 में हुई बैठक में दिए गए दिशानिर्देशों पर की गई कार्रवाई पर भी चर्चा की गई। बैठक में मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर, उपायुक्त अपूर्व देवगन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) के परियोजना निदेशक रोमी धनखड़, अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम मंडी सदर, कोटली, सरकाघाट और धर्मपुर , लोक निर्माण, जलशक्ति और बिजली बोर्ड तथा सड़क निर्माण में कार्य कर रही एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सदर के विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ स्थानों पर जल भराव की समस्या आ रही है, कुछ लोगों के घरों को अभी सुरक्षा दीवार लगाई जानी है, जबकि कुछ घरों को जाने वाले क्षतिग्रस्त रातों का निर्माण कार्य किया जाना है, इनका समाधान बरसात से पहले किया जाना जरूरी है। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि धर्मपुर क्षेत्र में सड़क निर्माण के चलते पेयजल की स्कीमें प्रभावित हो रही हैं, कुछ स्थानों पर नालियों का काम किया जाना प्रस्तावित है, लोगों के घरों की सुरक्षा दीवार, पशुशालाएं, पार्किंग का संपर्क टूटा है। हैंडपंप खराब हो चुके हैं । उन्होंने संबन्धित एसडीएम को प्रभावित लोगों की समस्यायों के समाधान के लिए एक सप्ताह के भीतर मोर्थ के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए जिसमें वे स्वयं भी उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मॉर्थ के अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण के चलते लोगों को आ रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें तथा जो भी मामले बैठक में लाये गए हैं, उन्हें शीघ्र निपटाएं। उन्होंने बैठक में सभी का धन्यवाद किया।



मॉर्थ के परियोजना निदेशक रोमी धनखड़ ने बैठक में आश्वत किया कि निर्माण कार्य के चलते जितने भी हैंडपंप क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनका पुनः निर्माण शीघ्र कर दिया जाएगा तथा लोगों के घरों के लिए बनाई जा रही सुरक्षा दीवार, नालियों तथा रास्तों का कार्य बरसात से पहले पूरा के दिया जाएगा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो। जलभराव वाले स्थानों का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा। बिजली के खंभों को भी स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# सराज में दिग्गजों का हारना भाजपा और कांग्रेस पार्टी दोनों को झटका

अनंत ज्ञान

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी।** पंचायती राज चुनावों में जहां सराज विधानसभा क्षेत्र के बालीचौकी मंडल में भारतीय जनता पार्टी ने कई स्थानों पर शानदार प्रदर्शन किया, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह क्षेत्र थुनाग में कई बड़े और प्रभावशाली नेताओं की हार ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। ग्राम पंचायत कांढा बगस्याड में प्रधान पद के चुनाव में पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष, पूर्व जिला परिषद सदस्या तथा राज्य सहकारी बैंक की निदेशक रह चुकी द्रोपती कुमारी को सीधे मुकाबले में मात्र 222 मत प्राप्त हुए, जबकि दमयंती देवी ने 803 मत हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। इसी प्रकार थुनाग पंचायत में प्रधान पद के लिए चुनाव मैदान में उतरीं निवर्तमान जिला परिषद सदस्या एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रमुख नेत्री खिमदासी को केवल 68 मत मिले और वह चौथे स्थान पर रहीं। यह परिणाम भाजपा संगठन के लिए अप्रत्याशित माना जा रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे देवेंद्र कुमार भी ग्राम पंचायत सरोआ से चुनाव हार गए। पंचायत समिति वार्ड मुरहाग से भाजयुमो के मंडल महामंत्री योगराज को भी पराजय का सामना करना पड़ा। थाचाधार पंचायत से पूर्व प्रधान तथा भाजपा महिला मोर्चा की प्रमुख नेत्री रह चुकी चंद्रावती की हार ने भी पार्टी नेतृत्व को चौंका दिया है। बालीचौकी क्षेत्र में पंचायत समिति अध्यक्ष पद के संभावित दावेदार माने जा रहे टेक सिंह सोनी भी नलवागी वार्ड से चुनाव हार गए। दूसरी ओर कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव किसी झटके से कम नहीं रहे। कांग्रेस बनाम कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान का असर चुनाव परिणामों में साफ दिखाई दिया। पंचायत स्तर पर अपेक्षित सफलता न मिलने के साथ-साथ पंचायत समिति चुनावों में भी कांग्रेस आधा दर्जन सीटों का आंकड़ा छूने में असफल रही। मिल्कफैड के पूर्व अध्यक्ष चेत राम ठाकुर के पुत्र तरुण ठाकुर बरेऊगी जिला परिषद वार्ड से लगभग 2000 मतों के बड़े अंतर से चुनाव हार गए। वहीं मझोठी जिला परिषद वार्ड में कांग्रेस नेता महेंद्र ठाकुर को भी करीब 2000 मतों से पराजय झेलनी पड़ी। राजनीतिक जानकारों के अनुसार इन वार्डों में सराज मंडल कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश रेड्डी तथा विजय पाल सिंह ने भी अपने-अपने समर्थित प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, जिससे कांग्रेस के भीतर गुटबाजी खुलकर सामने आई।

हंसी छूत की बीमारी है, आपको हंसी आई नहीं कि दूसरे को जबरदस्ती अपने दाँत निकालने पड़ेंगे। -प्रेमलता दीप

## संपादकीय

# हिमाचल-पंजाब में बढ़ता विवाद

हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में लगाए गए एंट्री टैक्स के विरोध में पंजाब में कुछ निहंग संगठनों द्वारा कथित रूप से 'खालसा टैक्स' वसूले जाने के मामले ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। यह मुद्दा अब केवल टैक्स या शुल्क तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि दो पड़ोसी राज्यों के संबंधों, व्यापार, पर्यटन और आम लोगों की आवाजाही से भी जुड़ गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस घटनाक्रम पर कड़ी आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बातचीत कर मामले के समाधान तथा उचित कार्रवाई की मांग की है।

निश्चित रूप से किसी भी प्रकार की टैक्स वसूली केवल वैधानिक अधिकार प्राप्त संस्थाओं या सरकारों द्वारा ही की जा सकती है। यदि कोई संगठन, समूह या व्यक्ति अपने स्तर पर सड़क पर वाहनों को रोककर धन वसूलता है तो यह कानूनी और प्रशासनिक दृष्टि से गंभीर विषय बन जाता है। चाहे ऐसी वसूली के पीछे जनकल्याण, धार्मिक गतिविधियों या सामाजिक कार्यों का उद्देश्य ही क्यों न बताया जाए, फिर भी कानून के दायरे से बाहर जाकर धन एकत्रित करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर कार्य कानून और नियमों के अनुसार ही होना चाहिए।

यह विवाद ऐसे समय सामने आया है जब हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बीच आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संबंध काफी गहरे हैं। पंजाब से बड़ी संख्या में पर्यटक हर वर्ष हिमाचल प्रदेश आते हैं। पर्यटन उद्योग हिमाचल की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है और पंजाब से आने वाले पर्यटकों का इसमें उल्लेखनीय योगदान रहता है। होटल व्यवसाय, परिवहन, रेस्तरां, स्थानीय बाजार और अन्य पर्यटन गतिविधियां काफी हद तक बाहरी पर्यटकों पर निर्भर हैं। ऐसे में दोनों राज्यों के बीच किसी भी प्रकार का तनाव न केवल प्रशासनिक स्तर पर बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी नुकसानदायक सिद्ध हो सकता है।

यह भी सच है कि कई बार कुछ पर्यटकों द्वारा अनुशासनहीन व्यवहार की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन इन घटनाओं के आधार पर किसी पूरे राज्य या समुदाय को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अधिकांश पर्यटक शांति और आनंद के उद्देश्य से यात्रा करते हैं तथा स्थानीय संस्कृति और नियमों का सम्मान करते हैं। इसलिए किसी भी विवाद को इस प्रकार बढ़ने देना उचित नहीं होगा जिससे दोनों राज्यों के लोगों के बीच अनावश्यक दूरी पैदा हो।

वर्तमान परिस्थिति में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता संवाद और समझदारी की है। हिमाचल और पंजाब दोनों राज्यों की सरकारों को मिलकर इस मुद्दे का शांतिपूर्ण और व्यावहारिक समाधान निकालना चाहिए। यदि कोई अवैध गतिविधि हो रही है तो उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही एंट्री टैक्स और उससे जुड़े विवादों पर भी आपसी चर्चा के माध्यम से समाधान तलाशा जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी स्थितियां उत्पन्न न हों।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह मामला संवेदनशील है। विपक्षी दल स्वाभाविक रूप से सरकारों की नीतियों और निर्णयों पर प्रश्न उठाते हैं। ऐसे में यदि विवाद लंबा खिंचता है तो राजनीतिक बयानबाजी और अधिक बढ़ सकती है, जिससे समाधान के बजाय टकराव की स्थिति पैदा होगी। इसलिए दोनों राज्यों के नेतृत्व को राजनीतिक लाभ-हानि से ऊपर उठकर आम जनता के हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर कोई गलतफहमी है तो उसे भी स्पष्टता के साथ अंजाम देना चाहिए, इसी में ही दोनों राज्यों की भलाई है।

हिमाचल और पंजाब केवल पड़ोसी राज्य ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक रूप से भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। दोनों राज्यों के लोगों के बीच वर्षों पुराने सामाजिक, व्यापारिक और पारिवारिक संबंध हैं। हिमाचल तो हमेशा से ही पंजाब को अपना बढ़ा भाई मानता आया है। ऐसे में पंजाब को भी चाहिए कि वह अपने छोटे भाई को बेवजह परेशान न करे। इन संबंधों को किसी भी प्रकार के विवाद की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए।

समय रहते यदि इस मुद्दे का समाधान निकाल लिया जाता है तो न केवल दोनों राज्यों के संबंध मजबूत होंगे, बल्कि पर्यटकों, व्यापारियों और आम नागरिकों को भी राहत मिलेगी। आवश्यकता इस बात की है कि कानून का सम्मान करते हुए, आपसी सहयोग और संवाद के माध्यम से इस विवाद को समाप्त किया जाए। यही दोनों राज्यों और उनके नागरिकों के हित में होगा तथा इससे भविष्य में सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

**यागी आदित्यनाथ** वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उनका जन्म 5 जून, 1972 को गढ़वाल, उत्तराखंड में हुआ। उनका वास्तविक नाम अजय सिंह बिष्ट है। उन्होंने 22 वर्ष में गृह त्यागकर संन्यास ग्रहण किया और गोरक्षपीठ के महंत अवैद्यनाथ के सान्निध्य में दीक्षित होकर योगी आदित्यनाथ कहलाए। उन्होंने गढ़वाल विश्वविद्यालय से गणित में बीएससी की शिक्षा प्राप्त की तथा एमएससी के दौरान गोरखपुर आए।



यागी आदित्यनाथ
जन्म : 5 जून, 1972

योगी आदित्यनाथ ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया। उन्होंने सामाजिक समरसता, गोरक्षा, धर्मांतरण विरोध तथा हिंदू समाज के संगठन के लिए सक्रिय कार्य किए। सहभोज के माध्यम से छुआछूत और अस्पृश्यता जैसी कुरीतियों पर प्रहार करते हुए उन्होंने हिंदू पुनर्जागरण अभियान को जनआन्दोलन का स्वरूप प्रदान किया।

वर्ष 1998 में महंत अवैद्यनाथ द्वारा राजनीति से संन्यास लेने के बाद योगी आदित्यनाथ उनके उत्तराधिकारी बने और मात्र 26 वर्ष की आयु में गोरखपुर से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होकर उस समय के सबसे युवा सांसद बने। इसके बाद वे लगातार कई बार गोरखपुर से सांसद चुने गए। संसद में उनकी सक्रियता तथा विभिन्न संसदीय समितियों में सहभागिता उल्लेखनीय रही है।

हिंदुत्व के प्रति समर्पण के कारण उन्हें वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन में महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त हुए। उन्होंने 'हिंदू युवा वाहिनी' का गठन किया तथा अनेक सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का नेतृत्व किया। लेखक के रूप में भी उन्होंने 'यौगिक षटकर्म', 'हठयोग: स्वरूप एवं साधना', 'राजयोग: स्वरूप एवं साधना' तथा हिंदू राष्ट्र नेपाल जैसी पुस्तकें लिखीं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उनके योगदान उल्लेखनीय हैं। पीड़ित, गरीब और असहाय लोगों के प्रति करुणा, अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता तथा धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के प्रति समर्पण उनके व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएं हैं।



कविता

## पवित्र रावी नदी की पुकार

मनीश चोणा, मनु, मोहल्ला सपड़ी, चंबा शहर

**सायं** सायं कियां करां बजिया, के तुसां मिंजों घोटी सुटेया!
मुकि गेई चाल मेरी, छडी गे नखरे, गोडे-गोडे पानी रेहा,
बट्टे लिबण बखरे। अपणा रुप करकोणा दिखी कौफ मिंजों लगदा!
ते मिंजों बड़ा दु:ख लगदा। कियां चंबे दे लौकां करने हसणा ते बोलणा
मैं! चमेरे वालेयां ने पता नी, गेट खोलणा कि नी खोलना!
तुसां कने नी मिली पांदी, ता कौफ मिंजो लगदा , ते मिंजों बड़ा बुरा
लगदा! भ्यागा, दिहाड़ी ता मैं सुकी-मुकी जांदी, बेटैमी बरखा बिच मैं सब
कुछ रुढांदी! मेरे कंडे/किनारे बसने का अबे हर कोई डरदा!
ते मिंजों बड़ा कौफ लगदा! सायं सायं कियां करां बजिया,
लोकां ने मिंजों घोटी छड़ेया!

# पर्यावरण-अनुकूल विकास: संकटों के बीच हिमाचल का नया ब्लूप्रिंट



राजन कुमार शर्मा
डुगली (लंबलू) जिला हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जितना प्रसिद्ध है, भौगोलिक रूप से उतना ही संवेदनशील भी है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य ने कई बड़े भूस्खलन, बादल फटने और अचानक आई बाढ़ का सामना किया है। ऐसे में प्रदेश के लिए पर्यावरण आपदा प्रबंधन और सतत विकास केवल दो शब्द नहीं, बल्कि अस्तित्व की जरूरत बन चुके हैं।

**अत्यधिक और अनियमित वर्षा :** जलवायु परिवर्तन के कारण कम समय में बहुत भारी बारिश होना (जैसे बादल फटना) हिमाचल में आम हो गया है। पिछले तीन वर्षों में ही राज्य ने 66 से अधिक बादल फटने और 121 से अधिक अचानक आई बाढ़ की घटनाओं को झेला है।

**अवैज्ञानिक निर्माण कार्य :** सड़कों को चौड़ा करने के लिए पहाड़ों की खड़ी कटाई और जलविद्युत परियोजनाओं के लिए की जाने वाली ब्लास्टिंग से पहाड़ कमजोर हो रहे हैं, जिससे भूस्खलन की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। पहले आपदा प्रबंधन का मतलब सिर्फ 'आपदा के बाद राहत सामग्री बांटना' होता था लेकिन अब हिमाचल सरकार अपनी नीति को 'आपदा पूर्व तैयारी और लचीलेपन (लचीलेपन-केंद्रित शासन)' पर केंद्रित कर रही है।

**एचपी रेडी प्रोजेक्ट (2026-2030) :** राज्य सरकार ने हाल ही में 2,688 करोड़ रुपए का हिमाचल प्रदेश विकास और आपदा रिकवरी के लिए सुदृढ़ कार्रवाई (एचपी-रेडी) प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य आपदाओं से निपटने के लिए ग्रामीण स्तर तक तैयारियों को मजबूत करना और ऐसा बुनियादी ढांचा बनाना है जो झटके सह सके। अर्ली वार्निंग सिस्टम : आईआईटी मंडी के सहयोग से प्रदेश के संवेदनशील जिलों जैसे-सिरमौर, कांगड़ा, मंडी और किन्नौर में कम लागत वाले भूस्खलन सेंसर लगाए गए हैं, जो ढलान खिसकने से पहले ही चेतावनी दे देते हैं।

**डिजिटल तकनीक :** 'स्कूल सुरक्षा प्रबंधन सूचना तंत्र' जैसे मोबाइल ऐप के जरिए हजारों स्कूलों ने अपनी आपदा प्रबंधन योजनाएं ऑनलाइन तैयार की हैं ताकि बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। आपातकाल के लिए 1077 और 1070 जैसे टोल-फ्री नंबर एक्टिव हैं। एक सकारात्मक बात यह है कि हिमाचल प्रदेश ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में देश में हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। हाल ही में जारी हिमाचल प्रदेश मानव विकास रिपोर्ट (2025) में चिंता जताते हुए स्पष्ट किया गया है कि



पर्यावरण को बचाए बिना विकास संभव नहीं है। सतत विकास के लिए राज्य सरकार निम्नलिखित रणनीतियों पर काम कर रही है: **प्रदूषण नियंत्रण ब्लैक कार्बन और मीथेन** जैसी 'सुपर क्लाइमेट प्रदूषकों को कम करने के लिए एक व्यापक रोडमैप लॉन्च किया गया है, ताकि ग्लेशियरों को पिघलने से बचाया जा सके।

**हरित शहर 'शहरी चुनौती कोष'** के तहत शहरों में स्मार्ट हाइड्रोलिक पार्किंग, स्काईवॉक और क्लस्टर-आधारित ठोस कचरा प्रबंधन किया जा रहा है। कृषि व आजीविका ढलानी खेतों के लिए विशिष्ट तकनीक (जैसे SWEE पैकेज), वाटरशेड प्रबंधन और माइक्रो-इरिगेशन (सूक्ष्म सिंचाई) को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि किसानों की आजीविका भी बची रहे और मिट्टी का कटाव भी न हो। हिमाचल का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम प्रकृति के साथ कितना तालमेल बिठाकर चलते हैं। सड़कों और इमारतों को बनाते समय पहाड़ों की ढलान का वैज्ञानिक आकलन और स्थानीय समुदायों की भागीदारी ही राज्य को सुरक्षित और समृद्ध रख सकती है। हिमाचल प्रदेश का टिकाऊ भविष्य 'प्रकृति पर विजय' पाने में नहीं, बल्कि 'प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व' सुनिश्चित करने में निहित है।

वर्तमान समय की मांग है कि हम पारंपरिक निर्माण विधियों से आगे बढ़कर 'ढलान इंजीनियरिंग' और कड़े पर्यावरण-वैज्ञानिक आकलनों को नीतिगत अनिवार्यताओं में बदलें। इसके साथ ही, स्थानीय समुदायों को आपदा प्रबंधन की पहली इकाई मानकर उनकी पारंपरिक बुद्धिमत्ता और सक्रिय भागीदारी को एकीकृत करना होगा। केवल ढांचागत सुरक्षा और सामाजिक संवेदनशीलता के इसी सुदृढ़ संगम से ही हिमाचल प्रदेश अपनी पारिस्थितिकी (श्वष्भ्द्यश्द4) की रक्षा करते हुए एक सुरक्षित, लचीले (Resilient) और समृद्ध कल का निर्माण कर सकता है। संक्षेप में, हिमाचल प्रदेश की सुरक्षा और समृद्धि का मार्ग 'विकास बनाम पर्यावरण' के विवाद से नहीं, बल्कि 'पर्यावरण-अनुकूल विकास' (Eco-eccentric Development) से होकर गुजरता है। बुनियादी ढांचे (सड़कों और इमारतों) के निर्माण में 'स्लोप स्टेबलाइजेशन' (Slope Stabilization) और अत्याधुनिक भू-तकनीकी इंजीनियरिंग का वैज्ञानिक अनुप्रयोग अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि बेहद अनिवार्य होना चाहिए।

इस तकनीकी बदलाव को तब तक पूर्ण नहीं माना जा सकता जब तक इसमें स्थानीय समुदायों का विकेंद्रीकृत सहयोग शामिल न हो। बदलते हालातों के मद्देनजर यह जरूरी है। अंतत:, वैज्ञानिक दूरदर्शिता और जन-भागीदारी का यह त्रि-आयामी दृष्टिकोण ही देवभूमि को आपदा-मुक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और सतत विकास का एक वैश्विक मॉडल बना सकता है

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वैश्विक पर्यावरणीय संकट और मानव का क्या है उतरदायित्व?



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, गैहरा (चंबा)

धरती थक चुकी है। पहाड़ टूट रहे हैं, नदियां सिकुड़ रही हैं, जंगल मौन हो रहे हैं और हवा में घुलता जहर मनुष्य के भविष्य को चुनौती दे रहा है। कभी ऋतुओं का संतुलन जीवन का आधार हुआ करता था, पर आज मौसम भी मानो असंतुलन और चेतावनी का दूसरा नाम बन चुका है। बढ़ती गर्मी, अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा, भूस्खलन और प्रदूषण की भयावह स्थितियां केवल समाचारों की सुर्खियां नहीं रहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ा एक गंभीर प्रश्न हैं-क्या आने वाली पीढ़ियों के लिए हम रहने योग्य पृथ्वी छोड़ पाएंगे? भारतीय सनातन संस्कृति केवल मानव कल्याण की बात नहीं करती, बल्कि समस्त सृष्टि के संरक्षण और संवर्धन का संदेश देती है। हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पहले ही प्रकृति और मानव के अटूट संबंध को समझ लिया था। इसलिए सनातन संस्कृति में पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश को पंचमहाभूत मानकर उनकी पूजा और संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाया गया।

सनातन संस्कृति में प्रकृति को केवल संसाधन नहीं, बल्कि देवस्वरूप माना गया है। पृथ्वी को माता कहा गया है-'माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या:'। नदियों को मां का दर्जा दिया गया है, जैसे गंगा नदी, यमुना नदी। वृक्षों को पूजनीय माना गया है। सूर्य, चंद्रमा, वायु और अग्नि की आराधना की जाती है। जब किसी वस्तु को देवत्व का स्थान मिलता है तो उसके संरक्षण की भावना स्वत: विकसित होती है।

वैदिक यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं थे, बल्कि सामूहिक अनुशासन, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के प्रतीक थे। यज्ञों के माध्यम से मनुष्य प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने का संकल्प लेता था। वैश्विक स्तर पर वर्ष 1992 में ब्राजील के प्रसिद्ध रियो-डी-जेनेरियो पृथ्वी सम्मेलन का



आयोजन हुआ और ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन को कम करने की रणनीति बनाई गई। विकसित राष्ट्रों को जीवाश्म ईंधन के दहन से उत्पन्न कार्बन-डाई-ऑक्साइड के उत्सर्जन को वर्ष 2000 तक कम करने का लक्ष्य रखा गया।

संयुक्त राष्ट्र की पहल पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 1997 में जापान के क्योटो शहर में क्योटो प्रोटोकॉल पर सहमति बनी, जिसने वैश्विक स्तर पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई कदम उठाए हैं। 1986 का पर्यावरण संरक्षण अधिनियम इसी दिशा में एक मजबूत कानूनी आधार प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

इसके बावजूद, आज विश्व गंभीर पर्यावरणीय संकट से जूझ रहा है। विकास की अंधी दौड़ में वनों की कटाई, अनियंत्रित शहरीकरण, प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग और औद्योगिक प्रदूषण ने प्रकृति के संतुलन को गहरा नुकसान पहुंचाया है। इसका परिणाम बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है। वृक्ष पृथ्वी के जीवन तंत्र की रीढ़ हैं। वे ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जलवायु संतुलित रखते हैं और मिट्टी को संरक्षित करते हैं लेकिन आज वृक्षारोपण कई जगह केवल औपचारिकता बन गया है। प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहे हैं। विशेषकर संवेदनशील पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यावरणीय असंतुलन के कारण आपदाओं का जोखिम बढ़ रहा है।

पर्यावरण संरक्षण सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, प्लास्टिक का सीमित उपयोग और वृक्षारोपण जैसे छोटे प्रयास बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 हमें यह संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण अब विकल्प नहीं, बल्कि अस्तित्व की अनिवार्यता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रकृति के साथ आत्मीयता : पर्यावरण संरक्षण का पहला कदम



श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मि गुरु

पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना लोगों के मन में केवल शिक्षा के माध्यम से ही विकसित की जा सकती है। ऐसी शिक्षा जो केवल जानकारी देने तक सीमित न होकर जीवन के व्यापक दृष्टिकोण को भी जागृत करे। प्रकृति के प्रति श्रद्धा और सम्मान को पुन: स्थापित करे। पर्यावरण से हमारा संबंध मानवीय अनुभव का प्रथम स्तर है। जब हमारा परिवेश स्वच्छ, संतुलित और सकारात्मक होता है, तब उसका अनुकूल प्रभाव हमारे अस्तित्व के अन्य सभी आयामों पर भी पड़ता है।

इतिहास साक्षी है कि मानव मन और प्रकृति के बीच एक गहरा और आत्मीय संबंध बनाने का प्रयत्न सदा रहा है। जब हम प्रकृति और अपने स्वयं के अस्तित्व से दूर होने लगते हैं, तभी प्रदूषण और पर्यावरण विनाश की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं। भारतीय परंपरा में प्रकृति को सदैव पूजनीय माना गया है। पर्वत, नदियां, वृक्ष, सूर्य, चंद्रमा और पंचमहाभूत, सभी श्रद्धा के पात्र रहे हैं। वस्तुत: विश्व की अनेक प्राचीन सभ्यताओं में भी प्रकृति के प्रति यही गहन आदरभाव विद्यमान था। आज आवश्यकता इस बात की है कि मानव मन को तनाव और लोभ से मुक्त कर पुन: उसी श्रद्धा और संवेदनशीलता से जोड़ा जाए।

हमारे अनुसंधान केंद्र में किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि ध्यान और साधना की प्रक्रियाएं पर्यावरणीय कार्यों में सामुदायिक सहभागिता तथा व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करती हैं। इसे 'सामूहिक प्रभाव' (Collective Effect) कहा जाता है, अर्थात वह सकारात्मक परिवर्तन जो समाज के लोगों के पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण और आचरण में दिखाई देता है।पंचमहाभूत एक-दूसरे से अत्यंत गहराई से जुड़े हुए हैं। इनमें



से किसी एक तत्व का प्रदूषण शेष चारों को भी प्रभावित करता है। इन्हें अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। यदि आप प्लास्टिक जलाते हैं, तो वह केवल पृथ्वी को ही नहीं, वायु को भी प्रदूषित करता है। यदि उसे जल में फेंक दिया जाए, तो वह जल को भी उतना ही दूषित कर देता है।

वृक्षों को धरती के फेफड़े कहा जाता है और यह उपमा पूर्णत: उचित है। इसलिए हमें अधिकाधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। हमारे प्राचीन शास्त्रों में कहा गया है कि जो व्यक्ति एक वृक्ष काटे, उसे पांच नए वृक्ष लगाने चाहिए। प्रकृति स्वयं हमें सतत और संतुलित सह-अस्तित्व का पाठ पढ़ाती है। यदि हम किसी वन में जाएं, तो देखेंगे कि असंख्य जीव-जंतु वहां निवास करते हैं, परंतु वे मनुष्यों की भांति अपने परिवेश को गंदा नहीं करते।

प्रकृति में पांचों तत्व परस्पर भिन्न और कभी-कभी विरोधी प्रतीत होते हैं। पशु जगत में भी अनेक प्रजातियां एक-दूसरे की प्रतिद्वंद्वी हैं, फिर भी प्रकृति में संतुलन बना रहता है। केंचुए इसका सुंदर उदाहरण हैं, जो अपशिष्ट को पुनर्चक्रित कर जीवन को पोषित करने वाली उर्वरता में परिवर्तित कर देते हैं। जब हमें यह अनुभूति होती है कि हमारा जीवन पर्यावरण के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है, तब उसके प्रति संवेदनशीलता स्वत: विकसित होने लगती है। तापमान में कुछ डिग्री का परिवर्तन भी मनुष्य को असुविधा पहुंचा सकता है।

इसी प्रकार वर्षा के समय में कुछ सप्ताह या महीनों का परिवर्तन कृषि व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। पर्यावरणीय संवेदनशीलता तभी विकसित होती है जब हम अपने अस्तित्व की व्यापकता के प्रति सजग होते हैं और यह सजगता अध्यात्म के माध्यम से ही आती है। अत: हमें अपनी आध्यात्मिक जड़ों की ओर लौटकर इस जागरूकता को पुन: स्थापित करना होगा। जब हमारे भीतर करुणा और स्नेह का दीप प्रज्वलित होता है, तब प्रकृति के प्रति पवित्रता, संरक्षण और आत्मीयता का भाव स्वत: विकसित हो जाता है। आदिवासी समुदायों की यही चेतना आज पुनर्जीवित किए जाने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाएं और पृथ्वी को सुरक्षित बनाएं



लकेश चंदेल
अध्यापक, जिला बिलासपुर

पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना तथा प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 2026 में विश्व पर्यावरण दिवस के वैश्विक समारोह की मेजबानी अजरबैजान गणराज्य की राजधानी बाकू द्वारा की जा रही है। इस वर्ष की थीम 'प्रकृति से प्रेरित-जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए' रखी गई है, जो जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है।

पर्यावरण शब्द 'परि' और 'आवरण' से मिलकर बना है। 'परि' का अर्थ है चारों ओर और 'आवरण' का अर्थ है परिवेश। इस प्रकार हमारे आसपास उपस्थित सभी जीव-जंतु, वनस्पतियां, जल, वायु, मिट्टी तथा प्राकृतिक संसाधन पर्यावरण का हिस्सा हैं। पर्यावरण और मानव जीवन का संबंध अत्यंत गहरा और अटूट है। मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है, किंतु आधुनिक विकास की दौड़ में वह प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भूलता जा रहा है।

आज विश्व अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण, शहरीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन तथा प्रदूषण के कारण पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और तटीय क्षेत्रों के डूबने का खतरा उत्पन्न हो गया है। यदि यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में पृथ्वी के अनेक नगर और आबादियां संकट में पड़ सकती हैं।

पर्यावरण प्रदूषण का प्रभाव केवल जलवायु तक सीमित नहीं है। ओजोन परत के क्षरण के कारण सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणें पृथ्वी तक पहुंच रही हैं, जिससे कैंसर सहित अनेक गंभीर रोगों का खतरा बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। वनों की



कटाई, अवैध शिकार, जल, वायु एवं मृदा प्रदूषण जैसे कारक पर्यावरणीय संतुलन को लगातार बिगाड़ रहे हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस लोगों को इन समस्याओं के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर जनसभाएं, संगोष्ठियां, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता कार्य, म तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों और युवाओं में पर्यावरण के प्रति प्रेम तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल सरकारों की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए, जल और ऊर्जा का संरक्षण करना चाहिए, प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए तथा जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए।

वन महोत्सव, जैव विविधता दिवस, अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बल मिलता है। विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण कराने वाला महापर्व है।

यदि हम आज पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकटों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए आवश्यक है कि हम प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाएं और पृथ्वी को स्वच्छ, सुरक्षित तथा समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क पर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

**अर्की।** थाना क्षेत्र के पलोग गांव में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे 38 वर्षीय चालक रूप चंद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा राहु गांव के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उपभोक्ताओं को बिल जमा कराने का नोटिस

**नाहन।** नगर पंचायत संगड़ाह क्षेत्र में जल शक्ति विभाग ने घरेलू पेयजल कनेक्शन का व्यावसायिक उपयोग करने वाले करीब 130 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। इनमें होटल, ढाबे, होमस्टे और मकान मालिक शामिल हैं। विभाग ने कहा कि समय पर श्रेणी परिवर्तन न करने पर कार्रवाई होगी और राजस्व नुकसान की भरपाई की जाएगी।

### ईटरनल यूनिवर्सिटी को फूड लैब सराहना मिली

**राजगढ़।** फूड कमीशन चेयरमैन डॉ. एस.पी. कटदान ने ईटरनल यूनिवर्सिटी की अत्याधुनिक फूड टेस्टिंग लैब की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य में खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता जांच और जनस्वास्थ्य को मजबूत करेगी। आधुनिक उपकरणों व तकनीकी स्टाफ से सैंपल परीक्षण और वैलिडेशन कार्यों को नई गति मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित भोजन उपलब्ध होगा।

### सुरेन्द्र बने दाड़लाघाट मेला कमेटी के अध्यक्ष

**दाड़लाघाट।** पंचायत सभागार में मेला कमेटी और पंचायत की संयुक्त बैठक आयोजित हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सुरेन्द्र को प्रधान चुना गया। बैठक में 17 जून को होने वाले पारंपरिक दंगल और अन्य सांस्कृतिक आयोजनों की तैयारियों पर चर्चा की गई। सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई और आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

### मानपुर देवड़ा में शहीद दिवसे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** अमर शहीद सोहन सिंह के पैतृक गांव मानपुर देवड़ा स्थित स्मृति स्थल पर प्रातः 9 बजे भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र व कई गणमान्य अतिथियों उपस्थिति में शहीद की माता रुकमणी एवं धर्मपत्नी रजनी देवी व जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक दीपक धवन एवं शहीद सोहन सिंह मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल नागवान तथा भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र के अध्यक्ष करनैल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उसके उपरांत शहीद सोहन सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मानपुर देवड़ा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान व भारत माता की जय व शहीद सोहन सिंह अमर रहे के नारे लगाए उसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने अमर शहीद सोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजगढ़ में नहीं मिल रही घरेलू गैस

**राजगढ़।** इंडेन एलपीजी गैस एजेंसी की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली से क्षेत्र के उपभोक्ताओं में भारी रोष है। गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था चरमराने से लोग घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली लौट रहे हैं। 47 पंचायतों के लिए केवल दो कर्मचारी होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। सप्लाई कम होने व सूचना की कमी के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। लोगों ने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की है।लोगों ने मांग की है कि गैस सप्लाई नियमित की जाए, वितरण प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए तथा उपभोक्ताओं को सही जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। साथ ही एजेंसी में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भीड़ और अव्यवस्था पर नियंत्रण पाया जा सके और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।इसके अलावा उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन बुकिंग और डिलीवरी व्यवस्था को मजबूत करने की भी मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर गैस उपलब्ध हो और स्टाफ पर्याप्त हो तो इस गंभीर समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है तथा व्यवस्था में सुधार संभव है।

# गिरी पेयजल योजना की लिफ्टिंग लाइन में लीकेज, सोलन में जलापूर्ति पर असर

## युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य जारी, एक-दो दिन में सप्लाई सामान्य होने की उम्मीद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर की प्यास बुझाने वाली गिरी पेयजल योजना की लिफ्टिंग पाइप लाइन में कई स्थानों पर हुए लीकेज ने गर्मियों के बीच पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ा दिया है। दुर्गम क्षेत्र धारो की धार के समीप गिरी की लिफ्टिंग लाइन चार जगहों से क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके चलते जल शक्ति विभाग को संबंधित लाइन बंद कर मरम्मत कार्य शुरू करना पड़ा। विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर वेल्डिंग और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार एक-दो दिनों के भीतर लाइन को फिर से चालू कर दिया जाएगा और जलापूर्ति सामान्य हो जाएगी।

जानकारी के अनुसार सोलन शहर को गिरी पेयजल योजना से दो लिफ्टिंग लाइनों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा अश्वनी पेयजल योजना से भी पेयजल की आपूर्ति जारी है। वर्तमान में जलशक्ति विभाग नगर निगम को करीब 70 लाख लीटर पानी उपलब्ध करा रहा है, जबकि गर्मियों में शहर की दैनिक मांग लगभग 90 लाख लीटर तक पहुंच गई है।



प्रतीकात्मक फोटो। अनंत ज्ञान

बैकलॉग पूरा करना बना चुनौती:गिरी पेयजल योजना की पाइप लाइन में हुए लीकेज का असर शहर की जलापूर्ति व्यवस्था पर पड़ सकता है।

नगर निगम सामान्य परिस्थितियों में विभिन्न वार्डों में तीन दिन के अंतराल पर पानी की आपूर्ति करता है, लेकिन लिफ्टिंग लाइन, पंपिंग स्टेशन या वोल्टेज संबंधी तकनीकी समस्याओं के कारण यह चक्र प्रभावित हो जाता है। ऐसी स्थिति में कई क्षेत्रों में चार से पांच दिन बाद पानी पहुंच पाता है।

शहरवासियों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि जब विभाग द्वारा मांग के अनुरूप पानी लिफ्ट करने का दावा किया जाता है, तो फिर जल संकट की स्थिति क्यों बनती है। विशेषज्ञों का मानना है कि पुरानी पाइप लाइनों में लगातार बढ़ते लीकेज और वितरण प्रणाली की खामियां भी इसकी एक बड़ी वजह हो सकती हैं। इसके बाद विभाग ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है।

# दाड़लाघाट में युवक को 3.37 ग्राम चिट्टा के साथ किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 3.37 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जून को पुलिस टीम को विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली थी कि एक वाहन में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन को रोककर नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में सवार एक युवक के कब्जे से 3.37 ग्राम चिट्टा बरामद हुई। आरोपी की पहचान हरीश कुमार (25) पुत्र नेक राम निवासी गांव दसेरन (भराड़ीघाट) के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना दाड़लाघाट में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया है।पु लिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीमा शर्मा हत्याकांड में ढीली कार्रवाई पर भड़के परिजन

अनंत ज्ञान

**अर्की।** नागरिक चिकित्सालय अर्की में पथरी के ऑपरेशन के दौरान हुई सीमा शर्मा की मौत को लगभग तीन सप्ताह का समय बीत चुका है, लेकिन मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आने से क्षेत्र में लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। परिजनों सहित स्थानीय नागरिकों का कहना है कि घटना के बाद निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, किंतु अभी तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है और न ही किसी प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी सामने आई है।उल्लेखनीय है कि चुनार गांव की 41 वर्षीय सीमा शर्मा की पथरी के ऑपरेशन के दौरान मृत्यु हो गई थी।

घटना के बाद परिजनों ने उपचार प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए थे तथा मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की थी। इस दुखद घटना ने पूरे अर्की क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था और लोगों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चिंता बढ़ गई थी।इस मामले में पूर्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सोलन ने भी अपना पक्ष रखते हुए बताया था कि मामले की जांच के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक समिति गठित की गई है तथा समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा था कि विभाग पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है और तथ्यों के आधार पर ही निर्णय लिया जाएगा।

हालांकि सीएमओ के उक्त आश्वासन के बावजूद तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होने से लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। क्योंकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत के मामलों में जांच प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और जनता का स्वास्थ्य संस्थानों पर विश्वास बना रहे। उनका कहना है कि जांच में हो रही देरी से लोगों के मन में कई तरह की शंकाएं उत्पन्न हो रही हैं।

# पूर्व छात्र एसीएफ टॉपर

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के एक पूर्व छात्र ने हिमाचल प्रदेश वन सेवा (सहायक वन संरक्षक) परीक्षा 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा का परिणाम 2 जून को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित किया गया।

शिमला जिले के नकसेटली गांव निवासी अमित झरेट ने घोषित परिणामों में प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अमित ने वर्ष 2016-2020 बैच के दौरान नौणी विश्वविद्यालय से बीएससी. (ऑनर्स) वानिकी की डिग्री प्राप्त की थी।

अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अमित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन को दिया।

# एसवीएन स्कूल के पूर्व छात्र आकाश नेहरू बने सहायक वन संरक्षक



आकाश नेहरू को उपलब्धि पर मिठाई खिलाते परिजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सराहा।** शंकर विद्या निकेतन (एसवीएन) पब्लिक हाई स्कूल, सराहा के पूर्व छात्र आकाश नेहरू ने हिमाचल प्रदेश फॉरेस्ट असिस्टेंट कंज़र्वेटर सर्विस (एसीएफ) परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक वन संरक्षक का प्रतिष्ठित पद हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

आकाश नेहरू ने वर्ष 2012-13 में एसवीएन स्कूल से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। विद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया था।

इसके बाद उन्होंने वानिकी (फॉरेस्ट्री) विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त की और हिमाचल प्रदेश वन सेवा की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल कर क्लास-वन अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया।

# एमबीए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के एमबीए (एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट) कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट साक्षात्कारों के माध्यम से देश की अग्रणी कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्राप्त किए हैं।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट एवं उद्योग समन्वय प्रकोष्ठ द्वारा प्रथम वर्ष के एमबीए (एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट) विद्यार्थियों के लिए विशेष इंटर्नशिप प्लेसमेंट अभियान आयोजित किया गया। आईटीसी के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय परिसर में आकर इंटर्नशिप साक्षात्कार लिए, जबकि अमूल ने अपनी चयन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संपन्न की। चयन प्रक्रिया के उपरांत हिमांशी हिल और इतु रत्तन का चयन कोका-कोला में इंटर्नशिप हेतु हुआ है।

# भाजपा समर्थित का नाहन में स्वागत



जिला परिषद सदस्यों का स्वागत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** आज सिरमौर भाजपा कार्यालय 'दीप कमल' नाहन में सिरमौर जिला के भाजपा समर्थित 13 नव-निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों का स्वागत-अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिरमौर जिला प्रभारी डॉ. संजय ठाकुर , विधायक रीना कश्यप , बलदेव तोमर , नारायण सिंह , बलदेव भंडारी व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ. राजीव बिंदल ने सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि सिरमौर जिला परिषद में भाजपा को इतनी बड़ी सफलता मिली है। कांग्रेस केवल तीन सीटों तक सिमट गई जबकि एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई।

उन्होंने कहा कि सिरमौर की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह वर्तमान सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों के प्रभाव क्षेत्रों में भाजपा की बड़ी जीत इस बात का प्रमाण है कि जनता अब कांग्रेस की राजनीति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

# पवित्र स्थल पर पंजाबी गाने पर वीडियो, सोशल मीडिया पर विवाद

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अमृतसर स्थित दुर्ग्याणा मंदिर में एक जोड़े द्वारा रील बनाने का मामला सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, युवक और युवती मंदिर परिसर में प्रवेश करने के बाद परिक्रमा मार्ग में नाचते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड करने लगे। इस रील में दोनों को पंजाबी गाने 'नी तू दिल लैजा मितरां दा' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है।

वीडियो में वे मंदिर की पवित्र परिक्रमा के दौरान फिल्मी अंदाज में डांस करते नजर आते हैं, जिसे बाद में उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट भी कर दिया। इसके सामने आने के बाद कई लोगों ने धार्मिक स्थल की मर्यादा के उल्लंघन पर नाराजगी जताई है। स्थानीय श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों का कहना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थानों पर इस तरह की हरकतें अनुचित हैं और इससे धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। वहीं, कुछ लोगों ने इसे सोशल मीडिया पर लाइक और व्यूज पाने की कोशिश बताया है। फिलहाल इस मामले पर प्रशासन या मंदिर प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक कार्रवाई की सूचना नहीं मिली है, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा तेज हो गई है। मामले की जांच और प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। लोगों ने मांग की है कि धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं और इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए।

सोशल मीडिया पर भी कई यूजर्स ने इसे गलत बताया और कहा कि लाइक व व्यूज के लिए धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए। प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में अनुशासन बनाए रखना जरूरी है।

# बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी जगतारा हवारा की पैरोल याचिका पर सुनवाई

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्याकांड के दोषी जगतारा हवारा ने अपनी बीमार बुजुर्ग मां की देखभाल के लिए पैरोल पर रिहाई की मांग करते हुए याचिका दायर की है। इस याचिका पर आज पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि उनकी मां गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और घर में उनकी देखभाल करने वाला कोई अन्य सदस्य उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मानवीय आधार पर उन्हें सीमित समय के लिए पैरोल दी जाए ताकि वह अपनी मां की सेवा कर सकें और आवश्यक देखभाल कर सकें। वहीं सरकारी पक्ष ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर अपराध से जुड़ा हुआ है। ऐसे में दोषी को पैरोल देने से सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर प्रभाव पड़ सकता है। सरकार ने यह भी तर्क दिया कि पहले भी ऐसे मामलों में सावधानी बरती गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें ध्यानपूर्वक सुनीं और मामले को विचाराधीन रखते हुए आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। अदालत ने जेल प्रशासन से कैदी के आचरण, स्वास्थ्य स्थिति और सुरक्षा जोखिमों से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। जगतारा हवारा 1995 में हुए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्याकांड के मामले में दोषी ठहराया गया था, जो राज्य के इतिहास के सबसे संवेदनशील मामलों में से एक माना जाता है। अब अदालत यह तय करेगी कि मानवीय आधार पर पैरोल दी जाए या नहीं, या फिर सुरक्षा कारणों को प्राथमिकता दी जाए। अगली सुनवाई में इस पर आगे निर्णय आने की संभावना है। साथ ही जेल प्रशासन से यह भी पूछा गया है कि याचिकाकर्ता के व्यवहार, अनुशासन और सुरक्षा जोखिम को लेकर अब तक क्या रिपोर्ट दर्ज की गई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि पैरोल जैसे मामलों में संतुलन बनाना आवश्यक होता है, ताकि एक ओर मानवीय आधार पर विचार हो सके और दूसरी ओर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा प्रभावित न हो। अब अगली सुनवाई में प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा।



# आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त अभियान और छापेमारी जारी,कई राज्यों में आतंक विरोधी अभियानों में तेजी

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अंसार ग़ज़वत-उल-हिंद से जुड़े आतंकी साजिश मामले में दोषी करार दिए गए तीन कश्मीरी छात्रों को आज मोहाली स्थित एनआईए अदालत, मोहाली सजा सुनाएगी। इन सभी पर देश के खिलाफ आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने का आरोप सिद्ध हो चुका है। जानकारी के अनुसार, इनमें से एक दोषी कुख्यात आतंकी जाकिर मूसा का चचेरा भाई है, जबकि दूसरे आरोपी सुहैल अहमद भट का नाम भी जांच के दौरान सामने आया था। तीसरे आरोपी को भी इस पूरे आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने के पर्याप्त सबूत मिलने के बाद दोषी ठहराया गया है। अदालत में पेश किए गए सबूतों में डिजिटल डेटा, मोबाइल चैट, विदेशी हैंडलरों से संपर्क और संदिग्ध गतिविधियों के रिकॉर्ड शामिल थे। जांच एजेंसियों के अनुसार, यह मॉड्यूल युवाओं को प्रभावित कर उन्हें आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की साजिश में सक्रिय था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अदालत में कहा कि यह मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर अपराध है और इसमें किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। वहीं बचाव पक्ष ने कम सजा की अपील करते हुए आरोपियों की उम्र और पारिवारिक परिस्थितियों का हवाला दिया।




अब अदालत दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद सजा का ऐलान करेगी। इस फैसले को सुरक्षा एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इससे इस नेटवर्क से जुड़े अन्य मामलों पर भी असर पड़ सकता है। इस मामले को सुरक्षा एजेंसियां देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद गंभीर मान रही हैं। माना जा रहा है कि इस फैसले से आतंकी नेटवर्क के खिलाफ चल रही जांच और कार्रवाई को और मजबूती मिलेगी तथा ऐसे मॉड्यूल्स पर कड़ा संदेश जाएगा। सुरक्षा एजेंसियाँ देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर हैं आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ जांच और कार्रवाई को मजबूत किया जा रहा है।

# प्रशासन ने 28 मई 2026 को घोषित किया नया सार्वजनिक अवकाश

**एजेंसी, लुधियाना**

लुधियाना के जगराओं में क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक निजी बैंक के पूर्व कर्मचारी ने महिला ग्राहक का विश्वास जीतकर उसके साथ 44,500 रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपी ने महिला को भरोसा दिलाया कि वह उसका क्रेडिट कार्ड बंद करवा देगा और इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर देगा। महिला ने कर्मचारी की बातों पर विश्वास करते हुए उसे जरूरी जानकारी और सहयोग दिया। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर क्रेडिट कार्ड का गलत इस्तेमाल कर 44,500 रुपये का लेन-देन कर लिया। महिला को इस धोखाधड़ी की जानकारी नहीं थी और वह यह मानती रही कि उसका कार्ड बंद हो चुका है।

समय बीतने के साथ क्रेडिट कार्ड पर बकाया राशि बढ़ती गई। बैंक द्वारा लगाए गए ब्याज और अन्य शुल्कों के कारण 44,500 रुपये का बकाया बढ़कर लगभग 80,000 रुपये तक पहुंच गया। महिला को तब भी मामले की वास्तविकता का पता नहीं चला।




पूरे मामले का खुलासा उस समय हुआ जब बैंक का रिकवरी एजेंट बकाया राशि वसूलने के लिए महिला के घर पहुंचा। एजेंट से बातचीत के दौरान महिला को पता चला कि उसका क्रेडिट कार्ड कभी बंद ही नहीं किया गया था और उसके नाम पर लगातार बकाया बढ़ता रहा।

घटना सामने आने के बाद महिला ने पुलिस और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना लोगों के लिए चेतावनी है कि क्रेडिट कार्ड बंद कराने या बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया के लिए केवल अधिकृत बैंक चैनलों का ही उपयोग करें और किसी व्यक्ति पर आंख बंद करके भरोसा न करें।

# सीमा पार आतंकी साजिश पर पंजाब पुलिस की सख्त कार्रवाई

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस ने सीमा पार से चल रहे आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ा और महत्वपूर्ण अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली ने विदेश में बैठे एक आतंकी ऑपरेटिव से जुड़े दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राज्य में सक्रिय आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के प्रयासों का हिस्सा है, जिसे सुरक्षा एजेंसियां लगातार गंभीरता से आगे बढ़ा रही हैं।

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी लंबे समय से विदेश में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे। ये लोग सीमा पार से संचालित आतंकी नेटवर्क के निर्देशों पर काम कर रहे थे और देश में अस्थिरता फैलाने की साजिशों में शामिल थे। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि इन आरोपियों को विदेशी स्रोतों से आर्थिक सहायता और लॉजिस्टिक समर्थन प्राप्त हो रहा था।



स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली ने खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी के आधार पर इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, इनसे पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की संभावना है, जिससे पूरे आतंकी नेटवर्क की कड़ियाँ जोड़ी जा सकेंगी।

जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह नेटवर्क सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके युवाओं को प्रभावित करने और उन्हें अपने संगठन से जोड़ने की कोशिश कर रहा था। पुलिस इस बात की भी गहराई से जांच कर रही है कि भारत में इस मॉड्यूल को किन-किन लोगों का समर्थन मिल रहा है और इसके स्थानीय संपर्क कौन-कौन हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस लगातार ऐसे आतंकी नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रख रही है और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है ताकि सीमा पार से होने वाली किसी भी आतंकी गतिविधि को समय रहते रोका जा सके और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

यह कार्रवाई सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि इससे सीमा पार से संचालित नेटवर्क के कई अहम पहलुओं का खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस अब इस मामले की आगे गहन जांच कर रही है और अन्य संभावित सहयोगियों की तलाश भी जारी है, ताकि पूरे नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

जांच एजेंसियां अब आरोपियों के मोबाइल और डिजिटल रिकॉर्ड खंगाल रही हैं, जिससे विदेशी हैंडलरों के नेटवर्क और उनके भारत में फैले स्थानीय संपर्कों की पूरी कड़ी सामने आने की उम्मीद है। पुलिस ने कहा कि इस कार्रवाई से राज्य में सक्रिय आतंकी नेटवर्क पर बड़ा असर पड़ेगा और सीमापार गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

अनंत Classifieds

## बेदखली सूचना

**मैं, बृजलाल** पुत्र रोठल राम गांव रड़ू पोस्ट ऑफिस पपलोग तहसील सरकाघाट जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र जितेंद्र कुमार और पुत्रवधू मीना कुमारी मेरे कहने सुनने से बाहर है अत: मैं इन दोनों को अपनी समस्त चल वह अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनसे कोई भी लेन-देन करने वाला इसका स्वयं जिम्मेवार होगा।

**IN THE COURT OF DR. GANESH THAKUR, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP)**

1.Sh Puran Chand S/o Mor Singh Village Sarnu Po Shahpur Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP) 2.Smt Jogindra Devi D/o Jamita R/o Ghatta Po Balana Tehsil Sihunta Distt. Chamba (H.P) *Applicants...*

**V/S**

1. General Public 2. Local Registrar, Nagar Panchayat Shahpur. *Respondents...*

**Subject:-**Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.

Sh Puran Chand S/o Mor Singh Village Sarnu Po Shahpur Tehsil Shahpur Distt. Kangra ( HP) (Died on dated 06-05-1993) and Smt Jogindra Devi D/o Jamita R/o Ghatta Po Balana Gram Panchayat Balana Tehsil Sihunta Distt. Chamba (H.P) has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 12-03-1984 at Village Sarnu po Shahpur Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP), accoriding to Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 05-07-2026. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**(Dr. Ganesh Thakur)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate**
**Shahpur, Distict Kangra(HP)**

### नगर परिषद चंबा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस समर्थित खेमे का कब्जा, जश्न में डूबे समर्थक

# भुवनेश्वरी अध्यक्ष व जितेंद्र को चुना उपाध्यक्ष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** नगर परिषद चंबा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज करते हुए नगर परिषद की सत्ता पर अपना कब्जा जमा लिया है। अध्यक्ष पद पर भुवनेश्वरी गुलाटी निर्वाचित हुईं, जबकि जितेंद्र सूर्या उपाध्यक्ष चुने गए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई तथा नगर परिषद परिसर से लेकर शहर के विभिन्न हिस्सों में जीत का जश्न मनाया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के स्वागत में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटीं, एक-दूसरे को बधाई दी और जोरदार नारेबाजी की। समर्थकों ने इसे चंबा शहर की जनता द्वारा विकास, जनसेवा और विश्वास की राजनीति पर लगाई गई मुहर बताया। इस अवसर पर सदर


विधायक नीरज नैय्यर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को दी बधाई।

विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि नगर परिषद चंबा में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत आम जनता के विश्वास और विकासोन्मुखी सोच की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष भुवनेश्वरी गुलाटी और उपाध्यक्ष जितेंद्र सूर्या को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर परिषद की नई टीम शहर के विकास को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाना, पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करना, शहर की सड़कों एवं गलियों का विकास, पार्किंग व्यवस्था में सुधार तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चंबा को एक आधुनिक, स्वच्छ और सुविधा संपन्न शहर बनाने के लिए सभी पार्षदों और जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उधर, चुनाव परिणाम सामने आने के बाद समर्थकों ने इसे कांग्रेस समर्थित नेतृत्व में जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि नगर परिषद की नई टीम शहर के विकास, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करेगी। चंबा नगर परिषद में नए नेतृत्व के चयन के साथ ही अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले समय में शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को लेकर नई टीम किस प्रकार की कार्ययोजना तैयार करती है और उसे धरातल पर किस तरह अमलीजामा पहनाया जाता है।

## नगर परिषद डल्हौजी के पार्षदों को दिलाई शपथ, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव स्थगित

**अनंत ज्ञान, अजीत सिंह, डलहौजी।** नगर परिषद डल्हौजी के नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह वीरवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। एसडीएम अनिल भारद्वाज ने सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में रीना जरयाल, राम सिंह बबलू, तलविंदर साहिल पम्मा, प्रवीण कुमार, वंदना चड्ढा, रजनी, वंदना देवी, कुमारी पल्लवी और तिलक राज कपूर शामिल रहे। कार्यक्रम में विधायक डी.एस. ठाकुर तथा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज चड्ढा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया प्रस्तावित थी, लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। अब चुनाव की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी, जिससे राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं।

## देसी कट्टा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के पुलिस थाना सुजानपुर की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक युवक को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। थाना प्रभारी अरुण कालिया ने बताया कि एएसआई नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पार्टी मैरा टी-प्वाइंट पर गश्त कर रही थी, तभी गुप्त सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान छणी गांव निवासी जोगिंदर पाल उर्फ रिंकू को मोटरसाइकिल पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल (कट्टा) और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी से हथियार के स्रोत और आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है तथा उसे अदालत में पेश कर रिमांड लिया जाएगा।

# जयसिंहपुर विस के हर गांव का विकास प्राथमिकता: गोमा

### शिव मंदिर सुभाष नगर में शेड का किया लोकार्पण


शेड का लोकार्पण करते मंत्री यादविंद्र गोमा।

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक गांव के लोगों की आकांक्षा और आशाओं के सामाजिक और सामूहिक कार्यों को करना उनकी विशेष प्राथमिकता है। यह बात उन्होंने द्रमण पंचायत के शिव मंदिर सुभाष नगर परिसर में 8.5 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित शेड के लोकार्पण के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मंत्री ने पंचायतवासियों को मंदिर परिसर में बेहतर शेड निर्माण की बधाई देते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पर शेड निर्माण कार्य के लिए यह धनराशि उपलब्ध करवाई गई थी। इस दौरान खेल एवं कानून मंत्री ने इस क्षेत्र से नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों और स्थानीय पंचायत के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को उनकी शानदार जीत पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मशाला कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में स्नातक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है और विस्तृत प्रॉस्पेक्टस महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को आवेदन से पहले प्रॉस्पेक्टस का अध्ययन करने की सलाह दी गई है। महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीवॉक (हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म एवं रिटेल मैनेजमेंट) तथा बायोटेक्नोलॉजी सहित कई रोजगारपरक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी तैयार रखने की भी सलाह दी है।

### एनसीसी कैडेट करणदीप चयन शिविर के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** करणदीप 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय दुगरी (हमीरपुर) रवाना हो गए हैं। यह शिविर थल सेना कैंप चयन के लिए आयोजित किया जा रहा है। करणदीप इससे पहले राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें निशानेबाजी का विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनकी क्षमता और निखरेगी। विद्यालय प्राचार्य सीमा कौशल ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यरो, धर्मशाला।** भाजपा ने अहमदाबाद (गुजरात) के एका एरिना में 4 से 8 जून 2026 तक आयोजित हो रही पहली विश्व योगासन खेल चैंपियनशिप 2026 का स्वागत किया है। पार्टी ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक गौरव और योग की अंतरराष्ट्रीय पहचान का प्रतीक बताया। प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 70 से अधिक देशों के 500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## 9 से 14 जून तक आयोजित होगा आर्ट ऑफ लिविंग का शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से कुल्लू में हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था कुल्लू के मिडिया प्रभारी सुशांत शर्मा ने कहा कि कुल्लू में हैप्पीनेस कार्यक्रम 9 जून से 14 जून तक किया जाएगा। वहीं, 21 जून योगा दिवस से पहले ज़िला कुल्लू में अनेकों संस्थाओं द्वारा योग से संबंधित जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इस बार का थीम होगा' योग करेगा कुल्लू' आनंद अनुभूति शिविर का आयोजन कुल्लू व भुंतर केंद्र' में होना सुनिश्चित हुआ है। इस शिविर में सुदर्शन क्रिया, प्रणायाम, योग, ध्यान, आसन लाभ, तनाव से मुक्ति, शरीर को बीमारियों से निजात, ऊर्जावान शरीर, शांत मन व क्रोध पर नियंत्रण, आत्मविश्वास में बढ़ोतरी व सकारात्मक सोच पर बल दिया जाएगा। इस योग आनंद अनुभूति शिविर में प्रातः का सत्र 6:00 बजे से 8:30, 11:00 से 2:00 बजे तक व शाम का सत्र 5:00 बजे से 7:30 बजे तक रहेगा।

# दुर्गम पहाड़ों तक पहुंचा शिक्षा का संकल्प, उत्कृष्ट कार्य के लिए फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स सम्मानित

अनंत ज्ञान


**चंबा।** जिला के दुर्गम एवं दूरवर्ती क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के अधिगम स्तर के मूल्यांकन कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि ने न केवल शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान की है, बल्कि भावी शिक्षकों की कार्यक्षमता और सेवा भावना को भी नई पहचान दी है। डाईट चंबा के डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं ने फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स के रूप में कार्य करते हुए जिले के अति दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन किया। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, लंबी पैदल यात्राओं और सीमित संसाधनों के बावजूद प्रशिक्षुओं ने अपने दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, लगन और


दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा मूल्यांकन कार्य के लिए सम्मानित किए इन्वेस्टिगेटर्स।

दक्षता के साथ किया। यह संपूर्ण मूल्यांकन प्रक्रिया उप निदेशक स्कूल शिक्षा गुणवत्ता एवं जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा विकास महाजन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं के अनुशासन, प्रतिबद्धता और कार्य के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे फील्ड अनुभव भावी शिक्षकों को वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे उनमें नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, समस्या समाधान की योग्यता तथा शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। दूरदराज क्षेत्रों में जाकर विद्यार्थियों के मूल्यांकन का दायित्व निभाना प्रशिक्षुओं की कर्मठता और शिक्षा के प्रति उनके सेवा भाव का प्रमाण है।

## संगेरा जीरो का चिनार बचाइए यह सिर्फ पेड़ नहीं हमारी विरासत है: नवनीत चौफला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने बढ़ते पर्यावरणीय संकट और ग्लोबल वार्मिंग को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने साहो मार्ग स्थित संगेरा जीरो प्वाइंट के ऐतिहासिक चिनार वृक्ष को बचाने की जोरदार मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन पुराने वृक्षों के संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए जो दशकों से जीवन और प्रकृति की रक्षा कर रहे हैं। चौफला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों के बीच पुराने और विशाल वृक्षों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह चिनार वृक्ष क्षेत्र की प्राकृतिक पहचान और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसकी सुरक्षा के लिए उन्होंने कई बार जिला प्रशासन, वन विभाग और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी मामला उठाया, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। चौफला ने प्रशासन से अपील की कि इस पर्यावरण दिवस को केवल औपचारिकता न बनाया जाए, बल्कि इस जैसे विरासत वृक्षों को बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने लोगों से भी अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उनका कहना है कि पेड़ ही जीवन हैं, और जीवन की रक्षा के लिए पेड़ों की रक्षा अनिवार्य है।



# जनगणना में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी: डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिले के सभी नागरिकों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जो न केवल जनसंख्या बल्कि सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति का विस्तृत चित्र प्रस्तुत करती है।



उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसे दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना के तहत भवन, परिवार और बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली, शौचालय, इंटरनेट आदि की जानकारी एकत्र की जाएगी। दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की आयु, शिक्षा, व्यवसाय, भाषा और अन्य विवरणों के आधार पर जनसंख्या गणना की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि इस बार नागरिकों को सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व-गणना) की सुविधा भी दी गई है, जिसके तहत नागरिक निर्धारित पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

इसके लिए 1 से 15 जून तक पोर्टल सक्रिय रहेगा और पंजीकरण के बाद एक विशिष्ट सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी (स्व्श ढ्ढष्ठ) जारी की जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया में राज्य चयन, परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दर्ज करना आवश्यक होगा। इसके बाद ओटीपी सत्यापन, डिजिटल मानचित्र पर स्थान चिन्हांकन और प्रश्नावली भरने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। नागरिक अंतिम सबमिशन से पहले जानकारी में संशोधन कर सकेंगे, लेकिन एक बार पुष्टि होने के बाद बदलाव संभव नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना में दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहती है और इसका उपयोग किसी भी प्रकार की जांच या कर निर्धारण के लिए नहीं किया जाता। जिला जनगणना अधिकारी ने जिला चंबा के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे जनगणना-2027 में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, सही जानकारी उपलब्ध कराएं तथा इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। एक सटीक जनगणना ही बेहतर योजनाओं, संतुलित विकास और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है।

# एचपीआरसीए ने घोषित की विभिन्न परीक्षाओं की तिथियां

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) हमीरपुर ने विभिन्न श्रेणियों के पदों की भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथियां घोषित कर दी हैं।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि स्टेनो टाइपिस्ट पोस्ट कोड 25025 और प्लेट मेकर (ऑफसेट) पोस्ट कोड 25009 की परीक्षा 15 जून को सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक की शिफ्ट में होगी।

ऑफसेट ऑपरेटर पोस्ट कोड 25007 और फोटो टाइप सेटर ऑपरेटर पोस्ट कोड 25008 की परीक्षा इसी दिन दोपहर की शिफ्ट में 12:30 बजे से 2:30 बजे तक होगी।

फ्लाई ब्वॉय (ऑफसेट) पोस्ट कोड 25010 और लेबोरेटरी असिस्टेंट (बायोलॉजी एंड सीरोलोजी) पोस्ट कोड 25018 की परीक्षा भी इसी दिन शाम की शिफ्ट में 4 बजे से 6 बजे तक होगी।

जीव विज्ञान के शिक्षकों पोस्ट कोड 26017 की परीक्षा 26 जून को दो शिफ्टों में सुबह 9 से 10:30 बजे तक और दोपहर 12:30 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी।

डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि परीक्षा से एक सप्ताह पहले आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर एक लिंक का प्रावधान किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थी अपना रोल नंबर एवं एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। रोल नंबर और परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जाएगी।

सचिव ने सभी अभ्यर्थियों से नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट पर या अपने मोबाइल पर एसएमएस और ईमेल पर ताजा स्टेटस चेक करते रहने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए आयोग के कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972-222204 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बुद्ध की शिक्षाएं मानवता के लिए मार्गदर्शक: बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के धौलाधार परिसर-1 स्थित सभागार में बौद्ध अध्ययन केंद्र, अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र तथा डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बुद्ध की शिक्षाओं की प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। मुख्य वक्ता डॉ. बाल मुकुंद पांडेय रहे। प्रो. बंसल ने कहा कि आज के समय में बुद्ध का करुणा, अहिंसा और मध्यम मार्ग का संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आधुनिक समाज में तनाव, हिंसा और उपभोक्तावाद जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। डॉ. पांडेय ने बुद्ध की शिक्षाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि यह वेदों और उपनिषदों की दार्शनिक धारा से जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम में बुद्ध के विचारों की वर्तमान सामाजिक संदर्भ में उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई।

## चंबा सकूल की छात्रा ट्विंकल महाजन का राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए चयन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिला चंबा के लिए गर्व की बात है कि पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा की 10+2 की छात्रा ट्विंकल महाजन का चयन राष्ट्रीय स्तर की 5वीं केआईओ नेशनल जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 3 जून से 7 जून तक उत्तराखंड के देहरादून स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित की जा रही है, जिसमें ट्विंकल महाजन हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। ट्विंकल महाजन ने इससे पूर्व राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया था और स्कूल के साथ-साथ पूरे जिला चंबा का नाम रोशन किया था। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और निरंतर मेहनत के दम पर उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला है।



◆ **राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप में भी जीता था स्वर्ण पदम**

विद्यालय प्रबंधन ने ट्विंकल की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि ट्विंकल राष्ट्रीय मंच पर भी बेहतरीन प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश और चंबा का नाम देशभर में रोशन करेंगी। स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी ट्विंकल महाजन को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना की है।

# प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में आकृति और रिया ने मारी बाजी



मौड़ा में पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अर्ध कानूनी स्वयंसेवक मनीषा देवी ने स्रोत व्यक्ति के रूप में भाग लिया।

उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व और भारतीय संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों के अंतर्गत पर्यावरण सुरक्षा की जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आकृति और रिया ने प्रथम, अरमान लोन और इशानी देवी ने द्वितीय तथा अर्पिता और लक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम, तायवावानो द्वितीय और अन्नया तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण पर आधारित एक लघु वृत्तचित्र भी दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन पाठशाला प्रभारी तथा शिक्षक टंडन और कनिष्ठ अध्यापक प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा मनीषा देवी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# चुनाव हारा, लेकिन जनता की लड़ाई नहीं, जनसेवा मेरा उद्देश्य: संजय

### विभिन्न जनसमस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया

अनंत ज्ञान

**चंबा।** पंचायत समिति सुनारा-लोथल-तागी के चुनाव में प्रत्याशी रहे संजय राजपूत ने चुनाव परिणामों के बाद भी जनसेवा के अपने संकल्प को दोहराते हुए क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन जनता की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पहले की तरह कायम रहेगी। संजय राजपूत ने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम पंचायत सुनारा और ग्राम पंचायत तागी की जनता ने उन्हें कई महत्वपूर्ण समस्याओं से अवगत करवाया था। इनमें ग्राम पंचायत सुनारा के



श्मशान घाट लुहारका में पेयजल सुविधा के लिए नलका स्थापित करने, लुहारका गांव में बिजली का पोल लगाने तथा ग्राम पंचायत तागी के टाटरी गांव में 63 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग प्रमुख थी। उन्होंने कहा कि इन सभी जनहित से जुड़े मुद्दों को जिला प्रशासन के समक्ष उठाया गया है ताकि उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित हो सके और ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि विकास और जनहित के मुद्दों पर उनकी आवाज आगे भी बुलंद रहेगी। संजय राजपूत ने कहा कि जनता का स्नेह, सहयोग और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी क्षेत्र की हर समस्या को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी पद तक सीमित नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों की सेवा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करना है।

### एचपीएसओएस परीक्षा केंद्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) की सितंबर-2026 परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों के नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक निजी विद्यालय एवं संस्थान बोर्ड की वेबसाइट पर अपने लॉगिन आईडी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क आवेदन 1 से 30 जून 2026 तक स्वीकार होंगे। इसके बाद 1 से 15 जुलाई तक 5000 रुपए तथा 16 से 30 जुलाई तक 10,000 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकेगा। 30 जुलाई के बाद आवेदन केवल विशेष अनुमति से ही स्वीकार होंगे।

# पंचायत समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** पांगी विधानसभा क्षेत्र में पंचायतीराज चुनावों के बाद अब पंचायत समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में चंबा भाजपा के प्रभारी शिशु भाई धर्मा भरमौर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि वह पंचायत समिति सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर राय लेंगे, जिसके बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए अंतिम नामों पर मुहर लगाई जाएगी।



◆ **चंबा भाजपा के प्रभारी शिशु भाई धर्मा भरमौर पहुंचे**

◆ **पंचायत समिति सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक**

राजनीतिक गलियारों में यह लगभग तय माना जा रहा है कि भरमौर पंचायत समिति में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद भाजपा समर्थित खेमे के खाते में जाएंगे। पंचायत समिति अध्यक्ष का पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के कारण भाजपा नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती उपयुक्त महिला चेहरे का चयन करना है। वहीं उपाध्यक्ष पद को लेकर भी कई नाम चर्चा में हैं, जिसके चलते पार्टी स्तर पर लगातार मंथन जारी है। सूत्रों के अनुसार 15 सदस्यीय पंचायत समिति में अधिकांश सदस्य भाजपा समर्थित माने जा रहे हैं। इतना ही नहीं, एकमात्र निर्दलीय पंचायत समिति सदस्य के भी भाजपा को समर्थन देने की संभावना जताई जा रही है, जिससे भाजपा की स्थिति और मजबूत होती दिखाई दे रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंचायत समिति सदस्यों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की बढ़त ने विधायक डॉ. जनकराज के राजनीतिक कद को और मजबूत किया है। भरमौर के साथ-साथ पांगी में भी भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्य जीतकर आए हैं, जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिली है। वहीं, जिला परिषद चुनावों में भी भाजपा अपनी साख बचाने में सफल रही है। भरमौर और पांगी क्षेत्र से दो भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत भाजपा के खेमे में खुशी लेकर आई है, जबकि तीसरे विजयी उम्मीदवार को भी भाजपा समर्थक माना जा रहा है। ऐसे में पंचायत से लेकर जिला परिषद तक भाजपा की मजबूत पकड़ ने आने वाले समय की राजनीति के संकेत भी स्पष्ट कर दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डिजिटल मार्केटिंग पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उद्योग विभाग द्वारा मार्केटिंग एवं डिजिटल साक्षरता, ब्रांड निर्माण के लिए डिजिटल उपकरण तथा जेम एवं सीपीपी पोर्टल विषयों पर बंगाणा में वीरवार को एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस (रैंप) प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना, डिजिटल परिवर्तन को प्रोत्साहित करना तथा सरकारी खरीद प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी को सुदृढ़ करना था। कार्यशाला में 70 से अधिक उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न सत्रों में सक्रिय सहभागिता करते हुए विपणन रणनीतियों, डिजिटल साक्षरता तथा ब्रांड निर्माण के लिए डिजिटल उपकरणों के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जेम ( गवर्नमेंट ऑफ़ ई-मार्केटप्लेस)और सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट(कोप) पर आयोजित विशेष सत्र में पंजीकरण प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी तथा सरकारी खरीद के अवसरों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बीडीओ बंगाणा केएल वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में उद्योगों के लिए मार्केटिंग, डिजिटल साक्षरता एवं ब्रांड निर्माण हेतु डिजिटल उपकरणों का उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इन तकनीकों के माध्यम से उद्योग अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ा सकते हैं, उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं तथा कार्यकुशलता में सुधार ला सकते हैं। उन्होंने इन आधुनिक साधनों की सहायता से कुटीर एवं लघु उद्योग चरणबद्ध तरीके से विकसित होकर बड़े उद्योगों की तरह अपनी पहचान बना सकते हैं।

### बेसहारा पशुओं के लिए हो पानी की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी बाजार और इसके आसपास के क्षेत्रों में बेसहारा मवेशियों के लिए पेयजल संकट गहराने लगा है। क्षेत्र में तालाब अथवा सार्वजनिक जल स्रोतों की कमी के कारण सैकड़ों बेजुबान पशु भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार बढ़ते तापमान और चिलचिलाती धूप के चलते आसपास के अधिकांश प्राकृतिक जलस्रोत सूख चुके हैं। ऐसे में बाजार और आसपास के क्षेत्रों में घूमने वाले बेसहारा गोवंश दिनभर पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। कई बार पानी की कमी के कारण पशु थककर सड़कों पर बैठ जाते हैं, जिससे उनके बीमार होने या दुर्घटना का शिकार होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए चिंतपूर्णी व्यापार मंडल के सदस्य विक्रांत सूद ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पशुओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, इसलिए ट्रस्ट को सामाजिक दायित्व निभाते हुए बाजार के प्रमुख स्थानों और मुख्य मार्गों पर अस्थायी पानी की टंकियां तथा पशुओं के लिए पानी पीने की खेलियां (हौद) स्थापित करनी चाहिए।

### कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा मंडल की परिचय बैठक स्थानीय होटल कर्णराज में उत्साहपूर्ण और गरिमामय माहौल में आयोजित की गई। बैठक में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टोविशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाल ही में संपन्न पंचायती राज चुनावों में निर्वाचित 14 बीडीसी सदस्यों, पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों तथा वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का परिचय, सम्मान तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करना रहा। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा और ग्रामीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं और विकास संबंधी प्राथमिकताओं को साझा किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने सभी बीडीसी सदस्यों, प्रधानों, उपप्रधानों और वार्ड सदस्यों को सम्मानित किया।

### शास्त्री अध्यापकों की काउंसलिंग रद्द

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, ऊना सोम लाल धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सैनिकों के आश्रितों की श्रेणी से बैच आधार पर शास्त्री अध्यापकों के 6 पदों को भरने के लिए 14 अक्तूबर, 2024 को आयोजित की गई काउंसलिंग को प्रशासनिक कारणों के चलते रद्द कर दिया गया है।

# बड़ूही में फुटपाथ पर सजा सामान

## राहगीरों के लिए बने रास्ते पर बाहरी व्यक्ति ने जमाया कब्जा, लोग परेशान

अनंत ज्ञान



बड़ूही बाजार में फुटपाथ पर फल सजाकर बैठा एक प्रवासी। ◆अनंत ज्ञान

**बड़ूही ( ऊना )।** चंडीगढ़-धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ूही बाजार में राहगीरों की सुविधा के लिए निर्मित फुटपाथ इन दिनों अवैध अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही को ध्यान में रखते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा आधुनिक टाइलयुक्त फुटपाथ का निर्माण किया गया था, लेकिन इस पर कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा फलों की अस्थायी दुकानें लगाई जा रही हैं, जबकि कई वाहन चालक ट्रैक्टर और अन्य वाहनों को फुटपाथ पर खड़ा कर इसे पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग कर रहे हैं।

स्थिति यह है कि एक व्यक्ति ने फुटपाथ के एक ओर अपनी दुकान सजा रखी है और दूसरी ओर बड़ा ट्रैक्टर खड़ा कर दिया है, जिससे पूरा फुटपाथ अवरुद्ध हो गया है। परिणामस्वरूप पैदल चलने वालों को मजबूरन व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतरकर चलना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द ही अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती है। बाजार के व्यापारियों और दुकानदारों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि फुटपाथ का निर्माण आम जनता की सुविधा और सुरक्षा के लिए किया गया था, लेकिन लगातार हो रहे अतिक्रमण के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बड़ूही व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने कहा कि समय-समय पर कुछ बाहरी लोग, जिनकी स्थानीय स्तर पर कोई पहचान नहीं होती, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अस्थायी रूप से अपना डेरा जमा लेते हैं। इससे राहगीरों को असुविधा होती है और स्थानीय दुकानदारों के व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। स्थानीय नागरिकों का भी मानना है कि सार्वजनिक सुविधाओं पर बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण और प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि फुटपाथों को कब्जामुक्त रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे भविष्य में किसी संभावित हादसे को टाला जा सके।

### क्या कहते हैं एनएच के कनिष्ठ अभियंता

**राष्ट्रीय** राजमार्ग विभाग के कनिष्ठ अभियंता राशपाल पूनी ने कहा कि फुटपाथ विशेष रूप से पैदल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए बनाए गए हैं। यदि कोई व्यक्ति फुटपाथ पर वाहन खड़ा करता है अथवा किसी प्रकार का अतिक्रमण कर आवागमन में बाधा उत्पन्न करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से भी सार्वजनिक संपत्तियों का सम्मान करने तथा फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की।

# उपला थाना में हैंडपंप पर लगी मोटर, 25 परिवार होंगे लाभान्वित



अनंत ज्ञान

◆कुटलैहड़ की हर जनसमस्या का हल मेरी प्राथमिकता : विवेक

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपलू के वार्ड नंबर-2 उपला थाना में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्थानीय लोगों की मांग पर हैंडपंप पर मोटर स्थापित किए जाने से क्षेत्र के लगभग 20 से 25 परिवारों को राहत मिली है। जानकारी के अनुसार उपला थाना क्षेत्र के लोगों ने यह समस्या विधायक विवेक शर्मा के समक्ष रखी थी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए, जिसके बाद हैंडपंप पर मोटर स्थापित कर पानी की आपूर्ति को सुचारु बनाया गया। मोटर लगने के बाद क्षेत्र में पानी की उपलब्धता में सुधार हुआ है और दर्जनों परिवारों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया है।

वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गर्मियों के दौरान पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

# गंगोट के उपप्रधान दिनेश ने विधायक बिक्रम से की भेंट

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** क्षेत्र की गंगोट पंचायत के नवनिर्वाचित उपप्रधान दिनेश कुमार ने वीरवार को पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक विक्रम सिंह ठाकुर से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दिनेश कुमार ने विधायक से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पंचायत एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। विधायक बिक्रम ठाकुर ने दिनेश कुमार को पटका पहनाकर सम्मानित किया और उनके सफल कार्यकाल तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित उपप्रधान पंचायत के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि गंगोट पंचायत के उपप्रधान पद पर निर्वाचित हुए दिनेश कुमार का परिवार लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा रहा है। यह परिवार हिमाचल प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय प्रवीण शर्मा के करीबी परिवारों में माना जाता है। राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय इस परिवार के सदस्य दिनेश कुमार ने अब पंचायत स्तर पर जनसेवा की जिम्मेदारी संभाली है।

# पर्यावरण संरक्षण में जन-जन दे सहयोग

अनंत ज्ञान

**घनारी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन कई कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, लेकिन लगातार बिगड़ता पर्यावरणीय संतुलन इस बात का संकेत है कि अब तक किए गए प्रयासों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक बनाने की आवश्यकता है। आज पॉलीथिन युक्त कचरे का बढ़ता ढेर, सूखते जलस्रोत, वनाग्नि, अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रकृति का दोहन और अवैज्ञानिक खनन जैसी समस्याएं पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की योजनाएं बनाते समय इन मुद्दों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा**

### व्यवहारिक शिक्षा का हिस्सा बने पर्यावरण



**बायोसाइंस** के युवा छात्र सूर्यांश ने कहा कि पर्यावरण विषय केवल निबंधों और औपचारिक पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसे व्यवहारिक शिक्षा का हिस्सा बनाकर विद्यार्थियों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।

### वृक्षों के कटान पर लगाई जाए रोक



**रक्तदान** के क्षेत्र में सक्रिय संस्था के अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों के अनावश्यक कटान पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। पौधरोपण अभियान केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित न रहें बल्कि लगाए गए और जीवित बचे पौधों का रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

### पंचायत संस्थाओं को मिले जिम्मेदारी



**डॉ.** अर्जुन वर्तिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी में पंचायती संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खुले में बिखरे पॉलीथीन युक्त कचरे के प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार को धरातल स्तर पर ठोस व्यवस्था विकसित करनी चाहिए।

### सूख चुके जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने के हों प्रयास



**युवा** विधि छात्र रुद्राक्ष पराशर ने कहा कि सूख चुके जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने पौधरोपण के साथ-साथ पौध संरक्षण को भी उतनी ही गंभीरता से लेने की आवश्यकता बताई। उनका कहना था कि पर्यावरण संरक्षण केवल कानूनों के भरोसे संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संवेदनशील होकर सामूहिक प्रयास करने होंगे।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष ने भाजपा की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, बड़ूही/ऊना।** हाल ही में संपन्न पंचायत, ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनावों के परिणामों को लेकर भाजपा संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए हैं। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य तथा राष्ट्रीय स्वतंत्र किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीता राम ने चुनावी नतीजों के संदर्भ में संगठनात्मक स्तर पर समीक्षा की आवश्यकता जताई है।



उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में चुनाव परिणाम पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे। कुछ स्थानों पर भाजपा से जुड़े एक से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरने से मतों का विभाजन हुआ, जिसका लाभ अन्य प्रत्याशियों को मिला। उन्होंने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अपर मंडल और लोअर मंडल का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन से जुड़े कुछ पदाधिकारी भी चुनाव मैदान में थे, लेकिन उन्हें अपेक्षित जनसमर्थन नहीं मिल सका। उन्होंने इसे संगठन के लिए आत्ममंथन का विषय बताते हुए कहा कि चुनाव परिणामों का गंभीरता से विश्लेषण किया जाना चाहिए।

# जीत के साथ ही जनसेवा के मैदान में उतरीं सुरभि ठाकुर

अनंत ज्ञान



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपती सुरभि ठाकुर।

**बिलासपुर।** जिला परिषद चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के बाद नम्होल वार्ड की नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्य सुरभि ठाकुर ने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए अपनी सक्रियता का परिचय दिया है। मात्र 25 वर्ष की आयु में जिला परिषद पहुंचीं सुरभि ठाकुर ने जीत के तुरंत बाद स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषय को उठाते हुए डॉक्टरों की समस्याओं और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

◆ **डॉक्टरों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन**

युवा नेतृत्व की इस पहल को क्षेत्र में सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। आमतौर पर चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों को सक्रिय होने में समय लग जाता है, लेकिन सुरभि ठाकुर ने अपने पहले कदम से ही यह संकेत दिया है कि वे क्षेत्र की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं और डॉक्टरों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी उनकी इस पहल की चर्चा हो रही है। लोगों का मानना है कि युवा वर्ग जन समस्याओं के प्रति कितना सचेत और संवेदनशील है, इसका उदाहरण सुरभि ठाकुर ने अपनी जीत के तुरंत बाद प्रस्तुत किया है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेंगी और विकास से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगी।

# कुनिहार में होगा राष्ट्रीय पैसापाल्लो चैंपियनशिप का आयोजन : दीपचंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पैसापाल्लो एसोसिएशन के महासचिव दीप चंद शर्मा ने बताया कि कुनिहार में 9 जून से 11 जून तक राष्ट्रीय पैसापाल्लो चैंपियनशिप होगी जिसकी तैयारियां चल रही है। इसी के चलते एक महत्वपूर्ण बैठक को विनोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पैसापाल्लो चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस चैंपियनशिप में वरिष्ठ पुरुष, महिला, मिश्रित वर्ग तथा कनिष्ठ बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, छत्तीसगढ़ए हिमाचल प्रदेश और पंजाब से लगभग 200 से 250 खिलाड़ी एवं अधिकारी भाग लेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से हुकम चंद ठाकुर को चैंपियनशिप का मुख्य आयोजक नियुक्त किया गया। दुर्गा नंद को वित्त समिति का अध्यक्ष, तकनीकी समिति का अध्यक्ष चेतन पगवाड़, तकनीकी समिति में प्रकाश ठाकुर, रमेश राजपूत, वर्षा साहनी एवं हुकम चंद ठाकुर को सदस्य व कमलेश शमी को महिला विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान डीसी शर्मा राज्य पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने चैंपियनशिप के सफल आयोजन हेतु आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में राष्ट्रीय खिलाड़ी कपिल शर्मा एवं सौरव शर्मा की उपस्थिति भी विशेष रूप से रही।

# बंबर ठाकुर गोलीकांड का मुख्य आरोपी फरार, दो जवान निलंबित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए चर्चित गोलीकांड मामले में एक बड़ा और चौंकाने वाला घटनाक्रम सामने आया है। मामले का मुख्य आरोपी और कथित शार्प शूटर अजय कुमार पुलिस हिरासत से फरार हो गया है, जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। आरोपी के फरार होने के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे एस्कॉर्ट कर रहे दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है तथा पूरे मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।



जानकारी के अनुसार अजय कुमार, जो हरियाणा के झज्जर जिले का निवासी है, को बिलासपुर पुलिस पेशी के लिए झज्जर स्थित अदालत लेकर गई थी। अदालत में सुनवाई पूरी होने के बाद जब पुलिस टीम आरोपी को वापस लेकर लौट रही थी, तभी दिल्ली-हरियाणा सीमा के समीप टिकरी बॉर्डर क्षेत्र में वह सुरक्षा घेरे को धता बताते हुए फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी की तलाश के लिए तत्काल व्यापक अभियान शुरू किया गया। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली पुलिस की विभिन्न टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। वहीं, आरोपी के फरार होने के संबंध में हरियाणा में भी मामला दर्ज कर लिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक यह घटना कुछ दिन पहले हुई थी, लेकिन पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनावों के चलते मामला सार्वजनिक नहीं हो पाया। अब जब घटना की जानकारी सामने आई है तो पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और कैदियों की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। बताया जा रहा है कि अजय कुमार बंबर ठाकुर गोलीकांड की जांच में एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जाता रहा है और वह न्यायिक हिरासत में रहते हुए मुकदमे का सामना कर रहा था। ऐसे में उसका पुलिस अभिरक्षा से फरार होना जांच एजेंसियों के लिए नई चुनौती बन गया है। फिलहाल पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए सभी संभावित स्थानों पर तलाश जारी है।

# नलवाड़ की रूपा शर्मा ने जीता उपप्रधान पद का चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जुखाला पंचायत में इस बार महिला उपप्रधान पद पर विराजमान होंगी। नलवाड़ गांव से संबंध रखने वाली रूपा शर्मा ने उपप्रधान पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत की थी, उन्होंने शिद्दत से चुनाव लड़ा और विजयी बनी। इनके साथ तीन अन्य पुरुष उम्मीदवार भी चुनावी रण में थे, लेकिन रूपा देवी ने सर्वाधिक मत हासिल कर उपप्रधान पद पर कब्जा जमाया। जुखाला पंचायत के गांव नलवाड़ की रूपा शर्मा ने अनारक्षित सीट पर चुनाव लड़ा और ईमानदारी से मेहनत करते हुए पुरुष उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला करते हुए जीत हासिल की। रूपा शर्मा भाजपा महिला मोर्चा बिलासपुर अप्पर मंडल की महामंत्री है।

# ठाकुर कुश्ती अकादमी के पहलवान सौरव का भारतीय कुश्ती टीम में चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कुश्ती अकादमी चांदपुर के होनहार युवा पहलवान सौरव का चयन भारतीय अंडर-15 ग्रीको रोमन कुश्ती टीम में हुआ है। सौरव ने लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित ट्रायल में शानदार और एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 38 किलोग्राम भार वर्ग में भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का किया। सौरव अब थाईलैंड के पटाया में आयोजित होने वाली अंडर-15 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सौरव अंडर-15 आयु वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हिमाचल प्रदेश का पहले पहलवान बन गए है, जिससे पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। अकादमी के संचालक व कोच विवेक ठाकुर ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल सौरव और उसके परिवार के लिए, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश तथा ठाकुर कुश्ती अकादमी के लिए गौरव का विषय है।

# 2027 चुनाव के लिए अभी से जुटे कांग्रेस : हीरापाल सिंह ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव हीरापाल सिंह ठाकुर ने कहा है कि यदि कांग्रेस को वर्ष 2027 में अपनी सरकार दोबारा बनानी है तो इसके लिए अभी से गंभीर प्रयास शुरू करने होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का तीन वर्ष से अधिक का कार्यकाल पूरा हो चुका है, लेकिन 'व्यवस्था परिवर्तन' की सोच और कई विकासात्मक योजनाओं का प्रभाव अभी तक पूरी तरह से आम लोगों तक नहीं पहुंच पाया है।



उन्होंने कहा कि आगामी 18 महीने कांग्रेस के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान सरकार और संगठन दोनों को जमीनी स्तर पर सक्रिय होना होगा। प्रदेश, जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाते हुए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना जरूरी है। सरकार की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल के नगर निकाय और पंचायत चुनावों में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, जिसके पीछे संगठनात्मक कमजोरियां और आपसी खींचतान भी एक कारण रही हैं। ऐसे में नेताओं और कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर काम करना होगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार तथा सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह करते हुए हीरापाल ने कहा कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर संवाद स्थापित किया जाए तथा पार्टी के निष्ठावान, ईमानदार और समर्पित कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान और जिम्मेदारियां दी जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी शेष गारंटियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के साथ-साथ बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संगठन में भी जनाधार वाले और पार्टी के प्रति समर्पित लोगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

# एनसीसी शिविर के छठे दिन कैडेट्स ने दिखाया जोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एक एचपी नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर द्वारा शिवा इंटरनेशनल स्कूल, घुमारवीं में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का छठा दिन विविध प्रशिक्षण और रचनात्मक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। शिविर में कैडेट्स ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया।

दिन की शुरुआत 200 जूनियर विंग कैडेट्स की वॉकाथॉन से हुई, जिसका उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, सहनशीलता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसके बाद विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित की गईं। शिविर में कैडेट्स को फायरिंग प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें उन्होंने विशेष रुचि दिखाई। साथ ही रस्साकशी प्रतियोगिता, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले भी आयोजित किए गए। कैंप कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कैडेट्स के उत्साह, अनुशासन और सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी शिविर का उद्देश्य युवाओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

# पुष्पिंद्रा महाजन को राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



पुष्पिंद्रा महाजन को सम्मानित करते हुए राज्यपाल।

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं पी-3-वाई सिस्टम (परमजी-पीपीआर-परमयोग) की प्रचारक पुष्पिंद्रा महाजन को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता द्वारा एक प्रतिष्ठित समारोह में सम्मानित किया गया। यह अवार्ड समारोह शिमला में आयोजित हुआ, जिसमें राज्यपाल महोदय ने उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिह्न भेंट किया।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के धर्मशाला की निवासी पुष्पिंद्रा महाजन वर्ष 1992 से प्राचीन सनातन परम विज्ञान पी-3-वाई सिस्टम से जुड़ी हुई हैं। तब से लेकर आज तक वे देश के लाखों लोगों को इस दिव्य एवं वैज्ञानिक प्रणाली का ज्ञान प्रदान कर चुकी हैं। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को यह सिखाने का अथक प्रयास किया है कि वर्तमान जीवन को अधिक सुखी, सम्पन्न, निरोग, शांत एवं आनंदमय कैसे बनाया जा सकता है। उनका समर्पण, सेवा-भाव एवं मानव कल्याण के प्रति निष्ठा अत्यंत प्रेरणादायक है।

पुष्पिंद्रा महाजन का जीवन-ध्येय है कि विश्व का प्रत्येक व्यक्ति परमयोग के माध्यम से मानसिक रूप से स्वस्थ, संतुलित एवं निरोग जीवन जी सके। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु वे प्रतिदिन निशुल्क ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाओं का संचालन कर रही हैं तथा पी-3-वाई सिस्टम को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। उनका सम्पूर्ण परिवार भी इस महान सेवा-कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रहा है, जो समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पुष्पिंद्रा महाजन के निस्वार्थ सेवा-भाव, समर्पण एवं मानवता के उत्थान हेतु किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुष्पिंद्रा को मिले इस सम्मान से हिमाचल प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और विदेश में रह रहे पी-3-वाई सिस्टम से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं साधकों में भी हर्ष का वातावरण है। सभी ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# बिलासपुर में पोषण सुधार पर जोर, न्यूट्रिशन किट होगी तैयार

अनंत ज्ञान

◆ **उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की हुई बैठक**

**बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिशुओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय (कन्वर्जेन्स) को मजबूत करने पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि कुपोषण केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि आयुर्वेद, शिक्षा, कृषि, बागवानी, जल एवं स्वच्छता, ग्रामीण विकास और सामाजिक जागरूकता से जुड़ा बहुआयामी मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के संयुक्त प्रयासों से ही जिला को कुपोषण मुक्त बनाया जा सकता है।

बैठक में बच्चों में स्टंटिंग, वेस्टिंग और अल्पवजन जैसे पोषण संकेतकों की निगरानी, एनीमिया की रोकथाम, आंगनवाड़ी केंद्रों में भोजन की गुणवत्ता, टेक-होम राशन और पोषण जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा पर जोर दिया गया। समिति ने गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष न्यूट्रिशन किट तैयार करने का निर्णय लिया, जिसे विशेषज्ञों की सलाह और वैज्ञानिक मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को कुपोषित बच्चों के बेहतर प्रबंधन, आयरन-फोलिक एसिड वितरण और पोषण पुनर्वास केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कृषि विभाग को पोषणयुक्त खेती और स्थानीय स्तर पर पोषण वाटिकाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

बैठक में जिला योजना अधिकारी को पोषण कार्ययोजना तैयार करने और कार्यक्रमों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



वन परिक्षेत्र अधिकारी डाडासिबा
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी अंब
जिला ऊना (हि.प्र.)

विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पेड़ लगाओ
जीवन बचाओ
वन परिक्षेत्र अधिकारी नादौन
जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र
अधिकारी
नगरोटा सूरियां
जिला कांगड़ा
(हि.प्र.)



विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



वन परिक्षेत्र वन्य जीव अभयारण्य
अधिकारी नगरोटा सूरियां
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

जलशक्ति विभाग
ज्वालामुखी
की तरफ से
विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बूंद-बूंद अनमोल है पानी व्यर्थ न बहाएं
ई. अनीश ठाकुर
अधिशाषी अभियंता
मंडल ज्वालामुखी

विश्व
पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी
ज्वालामुखी जिला
कांगड़ा (हि.प्र.)

विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जंगल बचाओ पर्यावरण सजाओ
वन मंडल अधिकारी ऊना
जिला ऊना (हि.प्र.)

विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आइए, आज ही अपने
नाम का
एक पौधा लगाएं
और आने वाले कल को
खूबसूरत बनाएं...
सांसें हो रही हैं कम आओ पेड़ लगाएं हम
सन्नी वर्मा
वन मंडल अधिकारी, देहरा



सुखविंद्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री (हि.प्र.)



मुकेश अग्निहोत्री
माननीय उप मुख्यमंत्री (हि.प्र.)


जलशक्ति विभाग
ऊना हिमाचल प्रदेश
की तरफ से
विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बूंद-बूंद अनमोल है पानी व्यर्थ न बहाएं
नदी, तालाब बौर कुआँ बचाओ धरती को हरियाली पहनाओ
जल है धरती का आभूषणआओ सभी मिलकर करें इसका संरक्षण



विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान सिंह
वन परिक्षेत्र अधिकारी
जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा
(हि.प्र.)


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकृति का न करो हरण, आओ मिलकर करें इसका संरक्षण।
पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, प्रकृति का संतुलन बनाओ।
प्रदूषण को दूर भगाओ, पर्यावरण की रक्षा करो।
जारीकर्ता- अमित शर्मा वन मंडल अधिकारी धर्मशाला (हि.प्र.)


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जय दुर्गा
स्टोन क्रैशर
कोटला
रेत बजरी के लिए संपर्क करें


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
महादेव
स्टोन क्रैशर
गांव रोपा, तहसील जयसिंहपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
रेत बजरी के लिए संपर्क करें
प्रोप. शेर सिंह कटोच


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पंचम
स्टोन क्रैशर
रेत बजरी के लिए संपर्क करें
ततवानी, जिला कांगड़ा हि.प्र.


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सौरभ शर्मा
वन परिक्षेत्र अधिकारी मंला
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
आज पेड़ लगाएँगे
कल स्वच्छ हवा पाएँगे।


वन परिक्षेत्र नूरपुर के समस्त कर्मचारी वर्ग की ओर से
विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हरियाली का करो सम्मान, तभी बचेगा मानव जीवन।


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एस.पी. थिंड
वन परिक्षेत्र अधिकारी रे
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हरा-भरा होगा देश तभी सुरक्षित होगा परिवेश
राजेश कुमार
वन परिक्षेत्र अधिकारी कोटला
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल हमीद
वन परिक्षेत्र अधिकारी इंदौरा
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
वन कटेंगे तो संकट बढ़ेगा वन बचेंगे तो जीवन खिलेगा


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश चंद
वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मशाला
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
पेड़ हैं प्रकृति का उपहार इन्हें बचाना है हमारा अधिकार


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
अंजना सिंह
वन परिक्षेत्र अधिकारी बीड़
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार
वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्वाली
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
जंगल बचाओ पर्यावरण सजाओ



विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक भरमौरिया
वन परिक्षेत्र अधिकारी बैजनाथ
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
वनों की रक्षा करें भविष्य को सुरक्षित करें


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित शर्मा
वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहपुर/लपियाणा
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
वन हैं धरती की शान इन्हें बचाना है हमारा काम


विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन विभाग हिमाचल प्रदेश पालमपुर
हमें वन संरक्षण की आवश्यकता क्यों है?
वन वह महत्वपूर्ण ईकाई है जो प्रकृति द्वारा प्रदान की गई है।
वन लगातार हमें भोजन, लकड़ी, ऑक्सीजन व अन्य जरूरी चीजें प्रदान करते रहते हैं।
वन तमाम तरह के जीवों के लिए एक घर की तरह है।
वन के बिना हम अपने जीवन व अन्य क्रियाकलापों की कल्पना भी नहीं कर सकते।
पेड़-पौधे मत करो नष्ट, सांस लेने में होगा कष्ट
वन लगाएं जीवन बचाएं
ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।
कहीं भी जंगलों में आग लगी देखें तो तुरंत विभाग को सूचित करें।
अति ज्वलनशील पदार्थों को जंगलों की पहुंच से दूर रखें।
जारीकर्ता:- डॉ. संजीव शर्मा , वन मंडल अधिकारी पालमपुर


विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
पर्यावरण है हम सबकी जान
इसलिए करो इसका सम्मान
एंजल चौहान
वन मंडल अधिकारी
कुल्लू


नवदुर्गा स्टोन क्रशर
हुरला कुल्लू, हि.प्र.
की तरफ से
विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें


आशापुरी स्टोन क्रशर
हुरला कुल्लू, हि.प्र.
की ओर से
विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें


विश्व पर्यावरण
दिवस की समस्त
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग से बचाएं
प्रवीन ठाकुर
वन मंडल
अधिकारी
पार्वती
शमशी


गर्गा आचार्य स्टोन क्रशर
लारजी कुल्लू, हि.प्र.
की तरफ से
विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त
प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें


HIMALAYAN
STONE CRUSHER, BHATGRAN
विश्व पर्यावरण दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें
P.O. Piplage, Tehsil Bhuntar, Distt. Kullu (H.P.)


मुरारी माता स्टोन क्रशर
लारजी कुल्लू, हि.प्र.
की ओर से
विश्व पर्यावरण दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें